TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday · tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | शान से फहराया तिरंगा और गाया जन गण मन... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-45 | मूल्य ₹7 | सोमवार | दिनांक- 17 .08 .2026

# कालेज का गेट बंद देख भड़का छात्रों का गुस्सा

## -स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों ने जमकर किया हंगामा, नारेबाजी

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

स्वतंत्रता दिवस पर जहां हर तरफ तिरंगे और देशभक्ति का माहौल रहा। वहीं, खेरागढ़ के जनता इंटर कॉलेज में गेट बंद होने से छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सैकड़ों छात्र-छात्राओं को कॉलेज के बाहर ही रोक दिया गया। प्रवेश नहीं मिलने पर छात्रों ने कागारौल रोड पर जमकर नारेबाजी की। इससे सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा। काफी देर तक चले हंगामे के बाद स्थानीय लोगों ने छात्रों को समझाकर शांत कराया।

छात्रों का आरोप है कि वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने और मिष्ठान लेने के लिए कॉलेज पहुंचे थे, लेकिन गेट बंद मिला। इंतजार के बाद भी जब गेट नहीं खुला तो छात्रों का आक्रोश बढ़ता गया और वे सड़क पर उतर आए।



कई छात्र बिना कार्यक्रम में शामिल हुए और बिना मिष्ठान लिए ही वापस लौट गए। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। जिनमें छात्र नारेबाजी करते नजर आ रहे हैं।

### अभिभावकों में दिखी नाराजगी

घटना को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में भी नाराजगी है। उनका कहना है कि स्वतंत्रता दिवस केवल छुट्टी या औपचारिक कार्यक्रम का दिन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय जिम्मेदारी की भावना जगाने का अवसर है। ऐसे महत्वपूर्ण दिन छात्रों को विद्यालय के गेट पर रोकना विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण धर्मेंद्र ने बताया कि उनके बच्चे कॉलेज में पढ़ते हैं। गेट बंद होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बाहर खड़े रहे और कार्यक्रम में शामिल हुए बिना वापस लौट गए।

### प्रधानाचार्य बोले, बाहरी छात्रों के आने पर बंद किया गेट

प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने बताया कि बाहरी कॉलेजों के छात्र भी परिसर में आने लगे थे। इसी कारण करीब साढ़े आठ बजे कॉलेज का गेट बंद कर दिया गया। करीब नौ बजे गेट खोल दिया गया। सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## डॉ. वीरेश राज शर्मा वरिष्ठ जेल अधीक्षक को मिला 2026 का प्रशंसा प्रमाण पत्र

**बाह (आगरा)।** महानिदेशक जेल द्वारा जेल विभाग में किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं सराहनीय योगदान के लिए डॉ वीरेश राज शर्मा वरिष्ठ जेल अधीक्षक को प्रशंसा प्रमाण प्रदान किया गया। जैतपुर, आगरा निवासी डॉ वीरेश राज शर्मा वरिष्ठ जेल अधीक्षक को स्वतंत्रता दिवस 2026 के मौके पर कारागार विभाग के कार्मिको जिनके द्वारा अपने उत्तर दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एव तत्परता पूर्वक किया गया साथ ही कारागार विभाग में किए गए उत्कृष्ट एवँ सराहनीय कार्य के लिए महानिदेशक कारागार प्रशासन एव सुधार सेवाए द्वारा ह्लप्रशंसा प्रमाण पत्रह्व से नवाजा गया है ।ये उत्कृष्ट सम्मान अऊ्रू पुलिस मेरठ जोन श्री भानू भास्कर द्वारा दिया गया ।यह सम्मान वरिष्ठ अधीक्षक संवर्ग में पूरे प्रदेश में केवल एक ही दिया गया है। इस सम्मान के लिए डॉ मदन गोपाल भदौरिया, राजबहादुर शर्मा, कृपा नारायण शर्मा (छुट्टन), अरुण दुबे, मुकेश शर्मा (पत्रकार), मुकेश वर्मा, सुभाष शर्मा, मुन्नालम्बर, अरविंद पाण्डेय, अनुज बौहरे,राजवीर, राहुल शर्मा, अवधेश, शिवराम यादव, ललित महेरे, प्रिंस जैन, आदि गणमान्य लोगो ने डॉ वीरेश राज शर्मा वरिष्ठ जेल अधीक्षक मेरठ को उज्जल भविष्य की कामनाए करते हुए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

## 12वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी, आंदोलनकारियों ने कहा- शहीद की स्मृति और सम्मान को पुनर्स्थापित करना जरूरी

टीएनएफ टुडे, प्रयागराज।

मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मंडलीय चिकित्सालय 'स्वरूप रानी नेहरू' (एसआरएन) अस्पताल का नाम बदलकर 'अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय' किए जाने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 12वें दिन भी जारी रहा। महुआ डाबर संग्रहालय परिवार के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन में आंदोलनकारी लगातार डटे हुए हैं। उनका कहना है कि ऐतिहासिक और बलिदानी स्थल से जुड़े शहीद ठाकुर रोशन सिंह के नाम पर अस्पताल का नामकरण किया जाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

महुआ डाबर संग्रहालय के निदेशक एवं क्रांतिकारी-शहीद वंशज डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि जब भारत माता को स्वतंत्र कराने की बात थी, तब हमारे लड़ाकू पुरखे सबसे आगे रहे। उन्होंने सवाल उठाया कि स्वतंत्र भारत में उन्हीं शहीदों के नाम और योगदान को पीछे क्यों धकेला गया?

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर आज एसआरएन अस्पताल खड़ा है, वहां कभी मलाका जेल हुआ करती थी। इसी जेल में अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर किया था। ऐसे ऐतिहासिक स्थल पर उनके नाम को सम्मानपूर्वक स्थापित किया जाना जरूरी है। अस्पताल का नाम 'अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय' किया जाना शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आंदोलनकारियों ने अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने स्थित 'शहीद ठाकुर रोशन सिंह पार्क एवं प्रतिमा स्थल' की नियमित साफ-सफाई कराने और शिलापट्ट में अंकित ऐतिहासिक त्रुटियों को तत्काल दूर करने की मांग की। इसके साथ ही मंडलीय चिकित्सालय के समीप सिविल लाइंस चौराहा, हनुमान मंदिर के निकट, का नाम 'अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चौराहा' किए जाने की मांग भी उठाई।



आंदोलनकारियों ने कहा कि 19 दिसंबर 2026 से अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह का बलिदान शताब्दी वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर शहीद को शस्त्र सलामी देने के साथ भव्य एवं गौरवशाली कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। इसके अलावा मंडलीय चिकित्सालय को प्रदेश का आधुनिक एवं आदर्श चिकित्सालय बनाकर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि देने तथा बलिदान शताब्दी वर्ष के दौरान ऐतिहासिक मलाका जेल पर अभिलेखीय एवं प्रमाणिक दस्तावेजों के आधार पर शोध ग्रंथ प्रकाशित कराने की मांग भी की गई। डॉ. अवनीश सिंह ने प्रयागराज-वासियों समेत देशभर के लोगों से अपील की कि अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को सम्मान दिलाने के इस निर्णायक संघर्ष में बलिदान स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दें।

# ऐतिहासिक कैलाश मेला हुआ शुरू

## शहर में गूंजने लगे 'हर-हर महादेव' के जयकारे

- महर्षि परशुराम द्वारा स्थापित जुड़वां शिवलिंग के दर्शन के लिए उमड़े लाखों शिवभक्त
- 5 किलोमीटर के दायरे में सजा भव्य मेला, झूले, स्टॉल और 5000 से ज्यादा भंडारों से सराबोर हुआ माहौल
- सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, यमुना घाटों पर गोताखोरों की विशेष ड्यूटी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को ताजनगरी में ऐतिहासिक और राजकीय 'कैलाश मेला' रविवार को पूरी भव्यता, श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के सुशासन और धार्मिक आस्था के प्रति सम्मान की झलक इस भव्य आयोजन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

सिकंदरा क्षेत्र में पवित्र यमुना नदी के किनारे बसे प्राचीन कैलाश मंदिर में लाखों की संख्या में शिवभक्त बाबा के दर्शन, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़े हैं। 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा शहर शिवमय हो गया है। कोसों दूर सोरों राजघाट से पैदल कांवड़ लेकर आए शिवभक्तों के चेहरे पर थकान की जगह सिर्फ और सिर्फ महादेव के प्रति असीम भक्ति दिखाई दे रही है।



रविवार शाम को उ.प्र. लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग और समाजसेवी पूरन डावर ने महाआरती कर इस ऐतिहासिक कैलाश मेले का विधिवत उद्घाटन किया। मध्यरात्रि के बाद तड़के 3 बजे मंगला आरती होते ही कांवड़ियों ने गंगाजल और यमुना जल से महादेव के नीलकंठ का जलाभिषेक शुरू कर दिया।

### महर्षि परशुराम से जुड़ा है मंदिर का पौराणिक इतिहास

कैलाश मंदिर का इतिहास बेहद अनूठा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि परशुराम ने स्वयं कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था और कैलाश पर्वत से लाकर यहां दो शिवलिंग स्थापित किए थे। इसी अद्भुत परंपरा के चलते यहां हर साल श्रावण मास में विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसे योगी सरकार द्वारा राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है। आगरा के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा से भी हजारों कांवड़िए यहां पहुंचते हैं।

### 5 किलोमीटर में फैला मेला, झूलों और भंडारों की धूम

कैलाश मेला करीब 5 किलोमीटर की दूरी तक भव्य रूप से सजा हुआ है। मेले में कई तरह के विशाल झूले, खाने के स्टॉल और खिलौनों की दुकानें सजी हैं। भक्तों के उत्साह को दोगुना करने के लिए जगह- जगह साउंड सिस्टम पर भजनों की गूंज है। शिवभक्तों की सेवा के लिए शहरवासियों द्वारा 5000 से ज्यादा भंडारे लगाए गए हैं, जहां पूड़ी-सब्जी, खीर, छोले और फल बांटे जा रहे हैं। कैलाश मंदिर की दिव्यता का वर्णन करते हुए महंत गौरव गिरी ने बताया कि यह स्थान अत्यंत सिद्ध और महान तपोभूमि है। भगवान परशुराम और उनके पिता महर्षि जमदग्नि को महादेव से मिले जुड़वां शिवलिंग यहां स्थापित हैं। श्रावण के तीसरे सोमवार को यहां साक्षात भगवान शिव और माता पार्वती का वास होता है। बाबा का विशेष श्रृंगार और फूलों की रंगोली सजाई गई है। इन शिवलिंगों के दर्शन मात्र से जन्म- जन्मांतर के पाप कट जाते हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा को जल, बेलपत्र और भांग अर्पित करता है, महादेव उसकी सभी मुरादें अवश्य पूरी करते हैं।

### सुरक्षा और यातायात के कड़े इंतजाम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के कड़े इंतजाम किए हैं। व्यवस्थाओं पर जानकारी देते हुए डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने बताया कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे देखते हुए 16 अगस्त की शाम 4 बजे से शहर में रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। गुरुद्वारा से ही भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सभी एंट्री पॉइंट पर पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। परिवर्तित मार्ग से ही वाहनों को निकाला जाएगा और पूर्व में जारी किए गए सभी नो-एंट्री पास निरस्त रहेंगे। यह व्यवस्था मेले के समापन तक लागू रहेगी।

## कर्नाटका के हनूर में 3 लोगों की मौत पर भड़का जनआक्रोश

**मैसूर।** कर्नाटक में 15 अगस्त को वनकर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन कथित शिकारियों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर रविवार को चामराजनगर और मैसूरू में जिले में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। चामराजनगर जिले के हनूर में तनाव की स्थिति रही, जहां दत्ती वन क्षेत्र में वनकर्मियों के साथ कथित मुठभेड़ में मारे गए तीन लोगों के परिजनों और ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए माले महादेश्वरा बेट्टा जाने वाली सड़क को जाम कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि गोली चलाने वाले वनकर्मियों को मौके पर लाकर उनसे पूछताछ की जाए। वहीं, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने और परिजनों तथा ग्रामीणों में बढ़ते आक्रोश को शांत करने के प्रयास किए। प्रदर्शनकारियों ने वन कर्मियों के तीनों लोगों को गोली मारने के अधिकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि भले ही वे शिकार के लिए जंगल में गए थे, फिर भी उन्हें मारना उचित नहीं था।

आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा, ह्यह्यउन्हें हाथ या पैर में गोली मारी जा सकती थी, लेकिन इसके बजाय उनकी गर्दन में गोली मारी गई। गोली चलाने वाले कर्मियों को मौके पर लाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।ह्लह्व परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल मुआवजे की आधिकारिक घोषणा करने और जानलेवा गोलीबारी में शामिल अधिकारियों की गिरफ्तारी की भी मांग की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय विधायक द्वारा प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने का भरोसा दिलाने के बाद विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया गया। शव फिलहाल मैसूरु के के.आर. अस्पताल के शवगृह में रखे गए हैं। मैसुरु के पुलिस अधीक्षक मल्लिकार्जुन बाल्डंडी ने ह्यपीटीआई-भाषाह्व को बताया कि परिवारों ने पोस्टमार्टम के लिए सहमति दे दी है और केआर अस्पताल में दो शवों का पोस्टमार्टम पूरा हो चुका है।

### लाल किले से पीएम मोदी का ऐतिहासिक एलान

# 1 करोड़ युवाओं को मिलेगी AI की ट्रेनिंग



टीएनएफ टुडे, नई दिल्ली।

जंतर-मंतर के विरोध प्रदर्शन के बाद पहली बार लालकिले की प्राचीर से बोल रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की युवा शक्ति को साधने और उसे सही दिशा देने की पूरी कोशिश की।

स्टार्टअप इंडिया से लेकर, स्पेस सेक्टर को खोलने और खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को मौका देने की कोशिशों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने अगले एक साल में एक करोड़ युवाओं को एआइ में कौशल प्रशिक्षण देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के निजी कोचिंग के बोझ से बचाने के लिए फ्री ऑनलाइन कोचिंग की आधारभूत संरचना बनाने का ऐलान किया।

पेपर लीक की समस्या से निजात के लिए कड़ा कानून बनाने के बाद सरकार ने छात्रों को निजी कोचिंग के बोझ से मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ी है।

### फ्री ऑनलाइन कोचिंग शुरू कर रही सरकार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने एक बहुत बड़ा बोझ बन चुका है। इन गरीब और मिडिल क्लास परिवारों की चिंता करते हुए हमने युवाओं के लिए विभिन्न परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है, उत्तम टैलेंट है, टीचर्स हैं, इन संसाधनों को जोड़कर देश के नौजवानों को फ्री कोचिंग देने का एक पूरा नेटवर्क खड़ा किया जाएगा।

एक करोड़ युवाओं को अकट्रेनिंग इसके साथ ही सरकार ने एआइ के कारण नौकरियों के बदलते स्वरूप के लिए युवाओं को तैयार करने की दिशा में बड़ा फैसला किया है। एक साल में एक करोड़ युवाओं को एआइ से प्रशिक्षित करने की योजना महत्वाकांक्षी है और यदि सफल रही तो युवाओं के सामने रोजगार का नया सुअवसर खुल सकता है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के लिए पिछले 12 सालों में उठाए गए कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 साल में उस दिशा में बहुत कुछ हुआ है। स्टार्टअप इंडिया अभियान आज पूरे देश में ढाई लाख से ज्यादा पंजीकृत स्टार्टअप्स बन गए हैं। जिसमें देश के नौजवान, खुद तो काम कर रहे हैं, अनेकों को रोजगार दे रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये के इनोवेशन फंड घोषित किया है। उन्होंने कहा कि "मैं देश के नौजवानों को कहना चाहता हूं, आप अपने सपनों को लेकर के आइए, संसाधनों की कमी नहीं रहने देंगे।"

# स्वतंत्रता दिवस पर 175 यूनिट रक्तदान

- आजादी की वर्षगांठ पर खेरागढ़ में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़ (आगरा)।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना घर सेवा समिति, खेरागढ़ द्वारा सर्वजातीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इसमें रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 175 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपना घर आश्रम, भरतपुर की संस्थापिका डॉ. माधुरी भारद्वाज एवं विशिष्ट अतिथि सांसद राजकुमार चाहर, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर गर्ग, पूर्व विधायक महेश गोयल द्वारा ध्वजारोहण एवं भारत माता के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन कर किया गया।

रक्तदान शिविर में युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों में रक्तदान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। समिति के संस्थापक रम्मो लाल गोयल, संरक्षक कृष्ण कुमार पंसारी, अध्यक्ष गिर्राज किशोर सिंघल, सचिव देवेंद्र कुमार मित्तल एवं वित्त सचिव संजय बंसल ने सांसद, विधायक, चेयरमैन के सतज रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सांसद राजकुमार चाहर ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। ऐसे पुनीत कार्य में योगदान देने वाले सभी रक्तदाताओं एवं आयोजन समिति के सदस्यो हृदय से अभिनंदन किया। कार्यक्रम संयोजक मिलन लाल गर्ग एवं विजय गर्ग ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। समिति के ब्लड प्रबंधक प्रमोद कुमार मित्तल एवं प्रभात कुमार मंगल ने बताया कि शिविर में एकत्रित रक्त को समय-समय पर जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है। मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी भारद्वाज के साथ अपना घर आश्रम, भरतपुर से पधारे वीरपाल ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी भगवान मित्तल, मनीष गर्ग, दिनेश गर्ग, नरेश मंगल, देवेंद्र सिंघल, सचिन गोयल सहित महिला मंडल से इंदु मित्तल, ललिता मित्तल, निधि जिंदल, लक्ष्मी गर्ग, मंजू सिंघल, उमा बंसल तथा राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।





# ...फिर एक के बाद एक पांच गोलियों की आवाज आई

## किस्सा कहानी -8 में हुआ कहानी पाठ, कथाकार शक्ति प्रकाश ने अपनी कहानी 'सो एंड सो' सुनाकर श्रोताओं को झकझोरा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

'पहले दरोगा ने सिपाहियों की तरफ मुस्कुराकर देखा, फिर एक के बाद एक पांच गोलियों की आवाज आई। जो पांच किलोमीटर तक सबने सुनी। अगले दिन उसी हाई वे पर एक पच्चीस साल का युवक मोबाइल देख रहा था, एक और एनकाउंटर, कहते हुए उसने मुस्कुराकर अपने सहयात्री पर निगाह डाली। सहयात्री ने मोबाइल पर निगाह डाली, और कौतुहल वश हाथ से मोबाइल लेकर पिक्चर जूम करने लगा। जैसे किसी को पहचानना चाहता हो।'

ये अंश है वरिष्ठ कथाकार शक्ति प्रकाश की कहानी ३सो एंड सो३ का, जो आज यहां किस्सा कहानी -8 में अपनी कहानी का पाठ कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन रंगलीला और नई दिल्ली की कहानी पत्रिका कथादेश द्वारा शीरोज हैंग आउट में किया गया था।रंगलीला के निर्देशक अनिल शुक्ल ने इस कार्यक्रम की प्रगति और इसके उद्देशों पर प्रकाश डाला। कथा पाठ से पूर्व 'कहानी और समाज का सच' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमें विषय प्रवर्तन केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो.रामवीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा भारतीय कहानियों में सच की मुंशी प्रेमचन्द ने की। उन्होंने मेरी और आपकी कहानी कहनी शुरू की, बाद में दूसरे कहानीकारों ने भी प्रेमचन्द की धारा को अपनाया। अध्यक्षता कथाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ शर्मा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा इस कहानी में यथार्थ पूरा है। अस्सी के दशक में लेखक राजनीति से दूरी बनाए रखता था, आज लेखक राजनीति पर अपनी प्रभावी प्रतिक्रिया देता है। शक्ति प्रकाश द्वारा कहानी के पाठ के बाद उनसे मौजूद सुधी श्रोताओं ने सवाल पूछते हुए अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। आरबीएस कॉलेज के प्रो. इंद्र कुमार यादव ने कहा कि कहानी में मौजू विषयों को उठाया गया है। श्री कृष्ण ने कहा कहानी मौजदा लोकतंत्र की चुनौतियों को रेखांकित करती है। सीमान्त साहू ने भी कहानी में जन जन की आवाज को व्यक्त करने की सराहना की। ब्रिगेडियर विनोद दत्ता ने कहा आज उपभोक्तावादी संस्कृति ने सब कुछ इंस्टेंट पाने की चाह बढ़ा दी है। रमेश पंडित ने कहा कहानी को सुनने के बाद लगा इसकी भाषा देसज थी, जो आम आदमी तक साहित्य को पहुंचाने के लिये बहुत जरूरी है। विशाल रियाज ने कहा आवाज दबाने के दौर में कहानी आम आदमी की आवाज को उठाती दिखती है।





रमेश पंडित ने धन्यवाद दिया। संचालन अर्जुन सवेदिया ने किया। कार्यक्रम में आकाशवाणी आगरा के पूर्व निदेशक नीरज जैन, शीरोज हैंग आउट के अजय तोमर, रामभरत उपाध्याय, डॉ. महेश धाकड़, डॉ. मधु भारद्वाज, वंदना तिवारी, मालती कुशवाह, अमरजीत सिंह, ज्योति खंडेलवाल, विशाल झा, मनु भाई पंड्या, दिनेश, सिद्धेश अरोरा, मोहम्मद आरिफ, हिना, शिव नारायण सिंह, अजय पचौरी, रोमी चौहान आदि मौजूद थे।

# गांव, गली और नुक्कड़ पर भी फहरा तिरंगा

## शमशाबाद गुरुकुल स्कूल की तिरंगा यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

टीएनएफ टुडे, शमशाबाद।





स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगे को नमन कर खुद को गौरवान्वित महसूस किया। शमसाबाद के गुरुकुल एजुकेशन हब स्कूल द्वारा नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में स्कूली बच्चों की देशभक्ति और वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। बच्चे घोड़ों पर सवार होकर रानी लक्ष्मीबाई, छत्रपति शिवाजी महाराज और शहीद भगत सिंह की वेशभूषा में नगर में निकले। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा घोष के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया गया। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मार्ग में लोगों ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर रोहित जादौन, वीरेश रघुवंशी, हरिकेश झा, शेर सिंह, कान्हा, गौरव मौजूद रहे।

विश्व भारती पब्लिक स्कूल, शमशाबाद में कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सबसे आकर्षक झलकी रही जब नन्हे-नन्हे बच्चों ने महापुरुषों की वेशभूषा धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी। रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस बने बच्चों ने देशभक्ति का संदेश दिया। प्रिंसिपल विनीता गुप्ता ने कहा कि हमें अपने बच्चों को देश के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना चाहिए ताकि वे देश सेवा के लिए प्रेरित हों।₹ कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर हरीश तोमर, सुधीर तोमर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। दिव्या थापा, डोली, यशी, वंदना, तनिषा, मोनिका, दीक्षा, पूजा, अंकित, खुशबु, भारत, रिशु, रामू आदि मौजूद रहे।

खेरागढ़ में डिजिटल इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इंजीनियर सौरभ सिकरवार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज, हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। देश भक्ति की भावना के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे के शोर ने खैरागढ़ नगर में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रहे डायरेक्टर अंजलि तोमर, मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत सिकरवार, प्रधानाचार्य अंकित सिंह, रामनरेश शर्मा, राजेश कुशवाह, विजय मुद्गल, सुधीर लवानिया, सौरभ सिंघल, अशोक सिंह, मानसिंह शर्मा, मंगल सिकरवार, शिवम् रावत आदि मौजूद रहे।

पिनाहट नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन रामरती देवी ने ध्वजारोहण किया। विकासखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुशवाह, थाना पिनाहट में थाना प्रभारी वीरेश पाल गिरी, थाना मनसुखपुरा में थाना प्रभारी नीरज बाबू, थाना बासौनी में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल तथा सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय पिनाहट में एसीपी अनिल कुमार ने तिरंगा फहराया। इसी क्रम में लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में संस्थापक सुभाष बाबू शर्मा, हजारीलाल पाराशर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक नवीन पाराशर, एमजी करियर अकैडमी पब्लिक स्कूल में जितेंद्र बिधौलिया और शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रणवीर सिंह भदौरिया, मनोरिषी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक प्रशांत पचौरी ने ध्वजारोहण किया। मानवाधिकार सहायता संघ कार्यालय पर भी एसीपी पिनाहट अनिल कुमार ने तिरंगा फहराया, जबकि रामबरन वर्मा फिल्म स्टेशन पर नितिन वर्मा निषाद ने ध्वजारोहण किया। पूरे पिनाहट क्षेत्र में तिरंगे की शान और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

विश्व हिंदू महासंघ, जिला आगरा के तत्वावधान में मधु रिजॉर्ट, सिकंदरा में भव्य झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम भदौरिया ने की।

मुख्य अतिथि गौरव राय, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, ब्रज क्षेत्र प्रभारी कौशल सैनी, मंडल प्रभारी अंतेश चौहान, जिला अध्यक्ष आगरा प्रदीप उपाध्याय, जिला अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ राजेंद्र गुप्ता, महानगर महामंत्री कोमल सिकरवार, जिला उपाध्यक्ष एटा योगेश प्रताप, जिला मंत्री आगरा सुशील कुमार, जिला मंत्री एटा राम कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एत्मादपुर तहसील में एसडीएम सुमित सिंह ने मनाया स्वतंत्रता दिवस। तहसील परिसर में डेंटिंग पेंटिंग और सजावट से अधिकारी और कर्मचारी खुश नजर आए।

किरावली के गढ़ीमा में किसान बैठक के बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई। चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा उत्तम संतुलित पोषण अभियान के अंतर्गत ग्राम गढ़ीमा, ब्लॉक अछनेरा, जनपद आगरा में किसान बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वय यूआरसी मनीष लवानिया द्वारा किया गया।

फतेहाबाद में उपजिलाधिकारी स्वाति शर्मा द्वारा तहसील कार्यालय पर, वन क्षेत्राधिकारी विशाल राठौर द्वारा वन क्षेत्र कार्यालय फतेहाबाद , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान,पुरानी तहसील में तहसीलदार शिखर मिश्रा, खंड विकास कार्यालय पर बीडीओ अरुण कुमार, डीसीपी पूर्वी कार्यालय पर डीसीपी अभिषेक अग्रवाल द्वारा, एसीपी कार्यालय पर एसीपी इमरान अहमद द्वारा, थाना फतेहाबाद में प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्र, थाना डौकी में थानाध्यक्ष सुनीत शर्मा, थाना बमरौली कटारा में दीपक तिवारी, थाना निबोहरा में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार गौतम द्वारा, बीडीएम महाविद्यालय में महाप्रबंधक नरेन्द्र पाल सिंह, महावीर जी पब्लिक स्कूल में महाप्रबंधक राजेश शर्मा द्वारा, कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय में वार्डन बृजेश पाठक द्वारा आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा किलोमीटर 21 पर प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद धनगर, किलोमीटर 27 पर एचआर मैनेजर पीयूष शर्मा, एपीएम राजा शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। वहीं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

खेरागढ़ में अंत्योदय पब्लिक स्कूल और अंत्योदय इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय संस्थापक डॉ नेत्रपाल सिंह तोमर, मनीष तोमर, नितिन तोमर और तहसीलदार हरिशंकर दुबे, नायब तहसीलदार अनुज दीक्षित, अर्पणा मिश्रा अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खेरागढ़, थानाध्यक्ष खेरागढ़ हरीश रावत, देवेंद्र कुमार तहसील अध्यक्ष लेखपाल संघ खेरागढ़, ब्रजेश तोमर सभासद, एड. मनोज तोमर, जगवीर तोमर, महेश गर्ग, हरेन्द्र सिंह, अमित, अभिषेक मौजूद रहे। तहसील कार्यालय पर एसडीएम नरेंद्र गंगवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# 48 घंटे बाद भी नहीं मिला प्रिंस

## यमुना में रेस्क्यू के दौरान इंजन गिरा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव पिन्नापुरा में शुक्रवार शाम यमुना नदी में डूबे किशोर प्रिंस का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। रविवार को पीएसी के गोताखोरों ने स्टीमर से शंकरपुर घाट के पास रेस्क्यू अभियान चलाया। इसी दौरान स्टीमर का इंजन अचानक यमुना नदी में डूब गया। इंजन की तलाश की जा रही है। वहीं स्थानीय गोताखोर भी लगातार किशोर की तलाश में जुटे हुए हैं। यमुना में तेज बहाव के कारण रेस्क्यू अभियान में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिन्नापुरा निवासी किशनलाल का 11 वर्षीय पुत्र प्रिंस और ताराचंद की 14 वर्षीय पुत्री रूमा शुक्रवार शाम करीब चार बजे गांव की लक्ष्मी, तनु और सपना के साथ जंगल में बकरी चराने गए थे। इसी दौरान प्रिंस और रूमा यमुना नदी में नहाने लगे। तेज बहाव में दोनों डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में लक्ष्मी, तनु और सपना भी नदी में उतर गईं और बहने लगीं। किसी तरह तीनों किशोरियां सुरक्षित बाहर निकल आईं, जबकि प्रिंस और रूमा तेज बहाव में डूब गए। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों ने देर शाम तक दोनों की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह करीब 10 बजे पीएसी के गोताखोर स्टीमर लेकर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर धारापुरा के पास यमुना में रूमा का शव बरामद हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रविवार को पीएसी के गोताखोरों ने शंकरपुर घाट के पास स्टीमर से प्रिंस की तलाश शुरू की और घटनास्थल पर पिन्नापुरा गांव के पास स्टीमर पहुंचा तो इसी दौरान स्टीमर का इंजन खुलकर यमुना में गिर गया। इंजन की तलाश की जा रही है।वहीं 48 घंटे बीतने के बाद भी प्रिंस का पता नहीं चल सका है।

स्थानीय गोताखोरों की टीम भी लगातार तलाश में जुटी है। तेज बहाव के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र से बात करने पर बताया कि खोजबीन के दौरान स्टीमर का इंजन पत्थर में फंसकर गिर गया है जिसकी तलाश की जा रही है नहीं तो दूसरा स्टीमर मंगाया जाएगा।

# अवंतीबाई लोधी की भव्य शोभायात्रा निकाली

## फतेहपुर सीकरी में अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा लगाने की मांग

टीएनएफ टुडे, आगरा।



वीरांगना अवंतीबाई लोधी कल्याण समिति के तत्वावधान में अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती के अवसर पर फतेहपुर सीकरी में नगर सीकरी चार हिस्सा से लेकर तेहरा रावत तक निकाली गई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खरग सिंह प्रधान व संचालन प्रवेंद्र पाल लोधी ने किया। शोभायात्रा का शुभारम्भ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी ने हरी झंडी दिखा कर किया।

इस मौके पर आनंद लोधी ने कहा कि लोधी समाज का इतिहास गौरवमय रहा है। सर्व समाज के लोगों को शहीदों के सम्मान में एसे आयोजनों को निरंतर करते रहना चाहिए, जिससे की आगे आने वाली पीढ़ी उन महान क्रांतिकारियों के बारे में जान कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर सके। उन्होंने ने कहा कि समाज को शिक्षा पर जोर देना चाहिए। विकास की चाबी शिक्षा से होकर जाती है। जो समाज जितना अधिक शैक्षिक रूप से मजबूत होगा, उतना ही वह समाज राजनैतिक आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से माँग की कि फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में महारानी अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा लगाई जाए।

समिति अध्यक्ष चंद्रभान लोधी ने शोभायात्रा में देश के महापुरूषों एवं सामाजिक समरसता का सन्देश देते हुए 11 झांकियां, 11 घोड़े, 2 बैण्ड एवं 1000 मोटर साईकिलों व 100 चार पहिया वाहनों के साथ हजारों लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से राकेश लोधी एड., गुलाब सिंह लोधी, खड़ग सिंह प्रधान, चन्द्रभान सिंह प्रधान, टुंडाराम लोधी, महावीर लोधी प्रधान, चंद्रशेखर प्रधान, हरिओम लोधी का.प्रदेश अध्यक्ष, उमेंद्र राजपूत युवा अध्यक्ष, पार्षद वीरेंद्र सिंह लोधी, कैलाशी राम, नाहर सिंह फौजी, पवन लोधी, डॉ.सुनील राजपूत, राजेंद्र लोधी, मिथुन लोधी, कालू राजपूत, अशोक लोधी सभासद, जयपाल लोधी आदि मौजूद रहे।



# क्षत्रिय सभा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

क्षत्रिय सभा शाखा जमुनापार आगरा की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय सभा जिला आगरा के जिलाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान नव-निर्वाचित शाखाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, अनुशासन, समाजसेवा, सामाजिक एकता एवं संगठन की सुदृढ़ता हेतु कार्य करने की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व एवं सेवा का संकल्प है। उन्होंने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे सभी समाजबंधुओं को साथ लेकर चलेंगे तथा शिक्षा, रोजगार, युवाओं के मार्गदर्शन, सामाजिक समरसता एवं जरूरतमंद परिवारों के सहयोग हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

शाखा की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष भरत सिंह सिकरवार, कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर सिंह चौहान, महामंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राजावत, युवा अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौहान, महिला अध्यक्ष नीतू जादौन सहित अन्य पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक इन्द्रवीर सिंह चौहान ने की तथा संचालन गजेंद्र सिंह परमार द्वारा किया गया।

समारोह में क्षत्रिय सभा जिला आगरा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री आर.पी. सिंह जादौन, लाखन सिंह चौहान, निवर्तमान अध्यक्ष विनोद परमार, मंगल सिंह तोमर, ओम प्रकाश चौहान, शीलेन्द्र सिंह चौहान, अंतेश चौहान, विजेन्द्र सिंह राना, अर्जुन सिंह भाटी, रामप्रताप सिंह चौहान, भैया जी, शिव बहादुर सिंह वैश्य सहित अनेक पदाधिकारी, विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य तथा बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# चंबल घाट पर रोका स्टीमर, कांवड़ियों का हंगामा

## कैजरा घाट की घटना के बाद चार घंटे बंद रहा स्टीमर

### मध्यप्रदेश प्रशासन की ओर से रुकवाया गया स्टीमर

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।



कैजरा घाट पर स्टीमर नदी में बहने की घटना के बाद एहतियातन मध्यप्रदेश प्रशासन द्वारा पिनाहट घाट पर स्टीमर बंद कर दिया गया। जिससे सैकड़ों कांवड़िए समेत बडी संख्या में लोगों की भीड़ हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंचे एसडीएम बाह और पुलिस बल ने तेज हंगामा होते देख चार घंटे बाद स्टीमर चालू कराकर लोगों को नदी पार कराई है।


रविवार को चंबल नदी स्थित कैजरा घाट पर चलने वाले स्टीमर में नदी के बीचोंबीच डीजल खत्म हो जाने से सवारियों की जान आफत में पड़ गयी। जिससे एहतियातन पिनाहट घाट चंबल नदी पर चलने वाले स्टीमर के सुबह से पांच चक्कर लगाने के बाद दोपहर करीब 11 बजे मध्यप्रदेश प्रशासन के आदेश पर महुआ पुलिस ने मौके पर आकर बंद करा दिया। जिससे सोरों है कांवड़ लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे सैकड़ों कांवड़ियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गयी। सूचना पर इंस्पेक्टर वी पी गिरि फोर्स के साथ पहुंच गये। और हंगामा कर रहे कांवड़ियों को शांत कराया। किन्तु कांवड़ियों चंबल पार करने को लेकर हंगामा करते रहे। तभी मौके पर एसडीएम बाह विनोद कुमार पहुंचे। जिन्होंने मध्यप्रदेश प्रशासन से बात की और करीब चार घंटे के बाद शाम तीन बजे स्टीमर संचालन शुरू कराया गया। जिसमें पुलिस की मौजूदगी में कांवड़ियों को तीस तीस लोगों की संख्या मे पार उतारा गया है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्टीमर बंद करायें जाने के बाद कांवड़ियों ने हंगामा करते हुए मध्यप्रदेश सरकार और मुरैना जिला प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की है। लोगों का कहना है। कि मुरैना जिला प्रशासन जानबूझकर परेशान कर रहा है। कांवड़ियों का कहना था। कि मुरैना जिलाधिकारी कह रहे है। कि हम गाडियां भेज देंगे आप लोग गाड़ियों में बैठकर धौलपुर की ओर से आ जाओ। जिस पर कांवड़ियों का कहना था। कि कांवड़ पैदल चलकर लाई जाती है। हम तीन दिन से उपवास रखकर कांवड़ लाए हैं। यही मर जाएंगे। लेकिन कांवड़ इसी घाट से लेकर जाएंगे।

## श्री सिनेमा की पार्किंग से आवागमन बाधित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्री सिनेमा के बाहर सड़क पर वाहनों की पार्किंग के चलते यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिनेमा प्रबंधन की ओर से सड़क के करीब पांच मीटर तक हिस्से में पार्किंग कराई जा रही है, जिससे मुख्य सड़क का बड़ा हिस्सा वाहनों से घिर जाता है। सड़क पर पार्किंग होने के कारण वाहनों के निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती और पीक समय में यहां जाम की स्थिति बन जाती है। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहनों की लंबी कतार लगने से यातायात पूरी तरह धीमा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क



सार्वजनिक आवागमन के लिए है, ऐसे में सड़क के बड़े हिस्से को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किए जाने से यातायात व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग और यातायात पुलिस से मौके का निरीक्षण कर सड़क पर हो रही पार्किंग की जांच कराने तथा यातायात सुचारु कराने की मांग की है।



### पिंकी गोयल बनी तीज क्वीन

जगनेर। श्री गवाल बाबा महिला मण्डल की तरफ से कसबे में हरियाली तीज पर कई कार्यक्रम श्रीराम गार्डन आयोजित किये गये। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तीज क्वीन का खिताब पिंकी गोयल ने अपने नाम किया। तो चाट हाट प्रतियोगिता में अनीता मित्तल ने कुशल गृहणी का सम्मान प्राप्त किया। एक अन्य गेम में रजनी गर्ग ने बाजी मारी। कार्यक्रम में मंच संचालन महिला मण्डल की अध्यक्ष रैनू अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के अन्त में "हर हर तुलसी घर घर तुलसी" अभियान के तहत शिल्पी बिंदल ने सभी महिलाओं को एक एक तुलसी का पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में रुचि, कृष्णा, लता, मन्जू, जुली, ऊषा, संगीता आदि उपस्थित रहीं।

### लड़कियाँ भी किसी से कम नहीं



अछनेरा। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबरोद से लड़कियां कछला घाट कासगंज से डाँक कावड़ लेकर आ रही हैं। युवा छात्राओं के जोश को देखते हुए भाजपा नेता बीके ठाकुर ने सभी का साफा बाँधकर स्वागत किया।

### उपनिरीक्षक बनी दीक्षा का किया सम्मान

अछनेरा। कस्बा स्थित रतन सिंह इंटर कॉलेज में शुक्रवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि घूरेलाल आर्य, रूप सिंह इंदौलिया और प्रधानाचार्य रामेश्वर सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया।विद्यालय प्रबंधक राजवीर सिंह इंदौलिया ने यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय की पूर्व छात्रा दीक्षा के यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक बनने पर भी सम्मान किया गया।प्रधानाचार्य रामेश्वर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी दी। वरिष्ठ अध्यापक संजीव इंदौलिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक अजय सोलंकी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रबंधक राजवीर सिंह इंदौलिया ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### बारिश में मकान की दीवार गिरी, छह बकरियां मरीं

फतेहाबाद। थाना फतेहाबाद क्षेत्र बरना गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण शनिवार देर रात करीब 12 बजे एक किसान के कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में करीब एक दर्जन बकरियां दब गईं। ग्रामीणों की मदद से चार बकरियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि छह बकरियों की दम घुटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान मेहताब सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी बरना ने बताया कि लगातार बारिश के चलते कच्ची दीवार में सीलन आ गई थी। देर रात अचानक दीवार पलट गई और उसके ऊपर रखा छप्पर भी गिर पड़ा। हादसे के समय मेहताब सिंह का परिवार, पत्नी और बच्चे समेत, मकान के अंदर सो रहे थे। छप्पर गिरने की तेज आवाज सुनकर उनकी पत्नी ने बच्चों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर हटा दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर चार बकरियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन छह बकरियों को नहीं बचाया जा सका। उनकी दम घुटने से मौत हो गई।बकरियों की मौत से किसान को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।वहीं पीड़ित के किसान ने मुआवजे की मांग की है।

### नाबालिग को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

खेरागढ़। क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नितेश निवासी निसोहरे, धौलपुर को सैंया ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। मामले में 12 अगस्त को किशोरी के परिजन की तहरीर पर नितेश और उसके साथी शैलेंद्र उर्फ छोटू निवासी नगला डहर, थाना सैंया के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

### थाने में डीजल डालकर आत्मदाह की कोशिश

अछनेरा। थाना अछनेरा परिसर में रविवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पीड़ित ने अपने ऊपर डीजल डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना से थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के हाथ-पैर फूल गए। पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में युवक को संभालकर उसके हाथ से डीजल हटाया और उसे ऐसा कदम उठाने से रोका। बताया गया है कि पीड़ित पवन पुत्र जवाहर सिंह अपने भाइयों अशोक पुत्र जवाहर सिंह और नवीन पुत्र अशोक के साथ थाना अछनेरा पहुंचा था। इसी दौरान विवाद बढ़ने पर पवन ने अपने ऊपर डीजल डाल लिया और आग लगाने की कोशिश की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विवाद मनोनीत सभासद मनोज कुशवाहा द्वारा बोर्ड लगाए जाने को लेकर चल रहा है। आरोप है कि सभासद द्वारा पीड़ित के घर के पास जबरन अपना बोर्ड लगाया जा रहा है, जिसका परिवार ने विरोध किया। पीड़ितों का आरोप है कि विरोध करने पर उनकी शिकायत पर उचित सुनवाई नहीं की जाती और पुलिस सभासद का ही पक्ष लेती है। घटना के बाद पीड़ित भावुक होकर रोने लगा और पुलिस के सामने अपनी परेशानी बताई। थाना परिसर में आत्महत्या के प्रयास की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, पूरे मामले में पुलिस का पक्ष और विवादित बोर्ड को लेकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच के बाद ही आरोपों की पूरी तस्वीर सामने आने की उम्मीद है।

### अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई

फतेहाबाद। रविवार को फतेहाबाद में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि और प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की नायिका वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने दोनों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। वहीं कस्बा फतेहाबाद के अवंती बाई चौराहे पर सांसद राजकुमार चाहर ने वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सांसद ने कहा कि मातृभूमि के स्वाभिमान के लिए अवंती बाई का त्याग व राष्ट्रभक्ति हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष योगेश चौहान, सभासद नितिन गुप्ता पंक्षी,जानू गुप्ता, संकेत सिंह,आशीष चौहान, अजय जादौन, मनोज राठौर सहित आदि उपस्थित रहे।

### ज्योतिषाचार्य गोपालदास के निधन पर शोक

पिनाहट (आगरा)। पिनाहट क्षेत्र के मूर्धन्य विद्वान, ज्योतिष विषय के विशेषज्ञ आचार्य गोपालदास जी महाराज का शुक्रवार शाम 5 बजे उनके आवास ग्राम बघरैना, थाना बासौनी में निधन हो गया। वह 105 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आचार्य गोपालदास बाह क्षेत्र के मूर्धन्य विद्वान माने जाते थे। वे ज्योतिष, वेद, पुराण और शास्त्रों के मर्मज्ञ थे। क्षेत्र में उनकी बड़ी मान्यता थी। कहा जाता है कि उन्होंने कोरोना महामारी के आने से 2 वर्ष पूर्व ही घोषणा कर दी थी कि विश्व पर एक महामारी का संकट आने वाला है। शनिवार को उनकी शव यात्रा गांव गढिया, बघरैना, गुर्जा और डगरूपुरा होते हुए बटेश्वर पहुंची। जहां पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रविवार को भी उनके आवास और बटेश्वर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। शोक व्यक्त करने वालो में मुकेश बरुआ,मुन्ना लंबर सांसद प्रतिनिधि, रामबाबू पचौरी, रमेश चंद्र पुजारी, हर्ष कुमार शर्मा, नवीन पाराशर, सत्यदेव पाराशर, आदि क्षेत्र के लोगों, संतों और विद्वानों ने उनके निधन को क्षेत्र की बड़ी क्षति बताया है।

# शान से फहराया तिरंगा और गाया जन गण मन....

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर शहर से लेकर गांव तक रही कार्यक्रमों की धूम



### आगरा छावनी में गूँजा अंत्योदय से विकसित भारत का संदेश

आगरा छावनी विधानसभा में राष्ट्रभक्ति, एकता और सामाजिक भागीदारी की एक सुंदर तस्वीर देखने को मिली। ज्योति सिंह (ज्योति दीदी) के नेतृत्व में विभिन्न वार्डों से आई महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा और मन में देश के प्रति गर्व के साथ निकली यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि समुदाय की एकता, महिलाओं की भागीदारी और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना का जीवंत संदेश बनी। ज्योति दीदी ने कहा कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होता है, जब विकास का अवसर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने अंत्योदय, नारी शक्ति, बालिका शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और युवाओं की भागीदारी को विकसित भारत की मजबूत नींव बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी पूरी पीढ़ी की साझा जिम्मेदारी है। शिक्षा, कौशल, तकनीक और सकारात्मक सोच के साथ युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।



शहीद स्मारक संजय प्लेस पर मुख्य अतिथि महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य ने राष्ट्रध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, सीडीओ प्रतिभा सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। विभिन्न स्कूल के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर देशभक्तिपूर्ण गीतों पर अपनी संगीतमई मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संस्कृति विभाग के कलाकारों ने राष्ट्रभक्ति पूर्ण लोक गीतों के माध्यम से शहीदों की गाथा सुनाकर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि बेबीरानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता, डिजिटल प्रगति, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास, सुशासन, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा, जब प्रत्येक नागरिक शिक्षित, सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बने। इसके लिए जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना होगा। उन्होंने सभी से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने, स्वच्छता एवं पर्यावरण की रक्षा करने, बेटियों का सम्मान करने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजाद भगत सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, अपर जिलाधिकारी (प्रो.) अमरेंद्र वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अमित शुक्ला, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह, बीएसए राकेश कुमार सिंह, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, डीपीआरओ मनीष कुमार, पीडी डीआरडीए रेनू कुमारी आदि उपस्थित रहे।



उत्तर मध्य रेलवे संस्थान, आगरा में राष्ट्रीय गीत गायन के साथ मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल ने राष्ट्रध्वज फहराया। मंडल रेल प्रबंधक ने राष्ट्रगान एवं इसके पश्चात रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड, सिविल डिफेंस टीम की सशस्त्र टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया एवं सलामी ली। उपस्थित रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया तथा महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे का संदेश पढ़कर सुनाया। सभी रेल कर्मियों को अपने कर्तव्य निर्वाहन हेतु उत्साहित किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने आरपीएफ परेड़ में शामिल सभी टुकड़ियों, सांस्कृतिक अकादमी की टीम, स्काउट एवं गाइड पायोनियर प्रोजेक्ट, स्काउट नृत्य, इंजीनियरिंग विभाग, कार्मिक विभाग, कैटरिंग विभाग आदि को पुरस्कृत किया इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा ईशानी गोयल, अपर मंडल रेल प्रबंधक गिरीश कुमार गुप्ता व स्वतंत्रता दिवस समारोह समिति के अध्यक्ष शैलेश कुमार वरि.मंडल इंजीनियर (समन्वय) उपस्थित रहे।



सनातन रक्षा ट्रस्ट कार्यालय सिटी इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम, मारुति एस्टेट पर जीआइसी आगरा के पूर्व प्राचार्य मुख्य अतिथि रामनाथ गौतम ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा की धर्मो रक्षति रक्षितः के विषय को लेकर सनातन रक्षा ट्रस्ट समाज को जोड़ने की दिशा में बहुत शानदार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में रविंद्र जैन, प्रदीप पाठक, श्याम तिवारी, सतीश, डॉ अनुराग शर्मा, दिवाकर तिवारी आदि मौजूद रहे। रिलायंस एनीमेशन एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस समारोह को एक अनोखे रचनात्मक थीम के साथ उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भारतीय फिल्म लेखक एवं निर्देशक सूरज तिवारी रहे।



### स्वतंत्रता सेनानी आरडी तिवारी ने किया ध्वजारोहण

मरुति प्लाजा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। 86 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व भारतीय सेना के जवान आरडी तिवारी ने ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों को अपने संघर्ष एवं स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों से अवगत कराया। तिवारी जी ने भारत-पाकिस्तान एवं भारत-चीन युद्धों में देश की सेवा करते हुए अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। कार्यक्रम में राहत जहाँ खानम, आदिनाथ बिल्डर, फ्यूचर प्लस कंसल्टेंट्स एवं एक्सेल पैक्ट कंट्रोल, सचिव बीबी श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह कर्दम, ऋषि कुमार सिंह, सुनील कुमार गौतम उपस्थित रहे।



डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ एन.सी.सी. कैडेट्स, चारों सदनों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुशासित और लयबद्ध मार्च पास्ट और विभिन्न विभिन्न राज्यों की परेड के साथ हुआ। डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने ध्वजारोहण किया। अतुल्य भारत कल्चरल सेंटर में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शुभारंभ अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अकादमिक निदेशक डॉ विक्रांत शास्त्री, डायरेक्टर प्रशासनिक निदेशक डॉ. अनूप गोयल, समस्त डीन, विभागाध्यक्ष, काडीर्नेटर सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहा।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा यमुना किनारे विद्युत शवदाह गृह के निकट अमर शहीद चंद्रशेखर पार्क में अमर शहीदों के नाम पौधारोपण करके जन-जन को पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति का पैगाम दिया गया। राष्ट्रीय सचिव नम्रता दान के नेतृत्व में उपस्थित कांग्रेसियों द्वारा अमलतास, अशोक, शहतूत, करी पत्ता, गुलमोहर आदि औषधीय 25 पौधे रोपने के बाद चंद्रशेखर आजाद सहित देश के सभी अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके जयकारे लगाए गए। कार्यक्रम में रश्मि सिंह, नीलोफर बानो, शाइस्ता खान, पारो शर्मा, शहर अध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष अश्विनी जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, शिवम शिवहरे मौजूद रहे।

टीएनएफ टुडे, आगरा।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर शहर से लेकर गांव तक विभिन्न कार्यक्रमों की धूम रही। हर देश भक्त ने शान और स्वाभिमान के साथ तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को नमन किया। कार्यक्रमों के बीच वन्देमातरम का भी सामूहिक रूप से गायन किया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में तिरंगा फहराया और वन्देमातरम का सामूहिक गायन किया। बाद में स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष, बलिदान देने वाले अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्वजनों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 1947 में आज ही के दिन बड़ी जद्दोजेहद, संघर्ष, दो सौ वर्षों की गुलामी के बाद देश आजाद हुआ था। आजादी के बाद देश के आगे जो भी चुनौतियां आई उनका देश के नागरिकों ने डटकर सफलतापूर्वक सामना किया। आज अपना देश विश्व पटल पर शसक्त देश के रूप में पहचान बना रहा है। आजादी की लड़ाई में अनेक बलिदानियों ने अपने प्रांण उत्सर्ग किए, उसी का परिणाम है कि हम सभी अपनी स्वतंत्रता व अधिकारों का उपभोग कर रहें हैं। उन अमर सेनानियों ने विनम्र श्रद्धांजलि। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता, बेहतर कार्य हेतु अधिकारी, अपने कर्मचारियों को गाइड करें, उनकी मदद करें सिस्टम को पूरी गति से चलाने में प्रतिबद्धता से योगदान दें। जनपद लगातार विकास व उन्नति के पथ पर अग्रसर है। आगरा उप्र में सर्वाधिक निवेश प्राप्त करने वाले जिलों में शामिल है। जल्द ही अन्तर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र संचालित होगा, जिससे यहां के किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज मिलने से उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्रम के अंत में कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, एसीएम सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

लायंस क्लब ऑफ आगरा विशाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय, पथौली में सार्थक एवं प्रेरणादायी सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यालय के 175 से अधिक छात्र-छात्राओं को उपयोगी शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। जिसमें स्कूल बैग, पानी की बोतल, नोटबुक, पेंसिल किट एवं मिठाई शामिल थीं। क्लब के अध्यक्ष लायन सीए राकेश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। क्लब के सचिव मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष सोम मित्तल, पूर्व अध्यक्ष अजय बंसल, सुनील अग्रवाल, अजय मनचंदा, संजीव अग्रवाल, सुनील बंसल, सुनील गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, सोनिया बंसल, उमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

जनक पार्क विकास समिति, कमला नगर द्वारा पार्क में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के साथ आगरा एसोसिएशन ऑफ डेफ के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समिति के अध्यक्ष सीए राकेश अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में सचिव मोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव सिंघल, विनोद जैन, सुनील बंसल, संजीव अग्रवाल, ओपी अग्रवाल सहित जनक पार्क विकास समिति के सदस्य तथा आगरा एसोसिएशन ऑफ डेफ के सदस्य उपस्थित रहे।

आगरा कॉलेज में पद्मश्री डॉ. डीके हाजरा ने ध्वजारोहण किया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सीके गौतम तथा संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. सुनीता घोष ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आगरा के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं पद्मश्री सम्मानित डॉ. डी. के. हाजरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. विपिन कुमार सिंह उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। कॉलेज कैडेट्स तथा एयर विंग द्वारा अनुशासित एवं प्रभावशाली ढंग से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। कॉलेज के गंगाधर शास्त्री भवन में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए।

समारोह में कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. पी. बी. झा, डॉ. एस. के. पांडे, डॉ. भूपेंद्र कुमार चिकारा, प्रो. गौरव कौशिक, प्रो. रीता निगम, प्रो. अमित अग्रवाल, डॉ. नितेश शर्मा, डॉ. पूनम चंद, डॉ. मृणाल शर्मा, डॉ. चंद्रवीर सिंह, एस. एस. खिरवार, डॉ. विजय कुमार सिंह, प्रो. आर. के. श्रीवास्तव, प्रो. दीपा रावत, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. रिजु निगम, डॉ. वरुण वशिष्ठ, डॉ. आनंद प्रताप सिंह, प्रो. विश्वंत गुप्ता, प्रो. अनुराग पालीवाल, डॉ. पी. के. दीक्षित, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अरविंद गुप्ता, प्रो. उमेश शुक्ला, डॉ. संध्या यादव, प्रो. सुनीता गुप्ता, प्रो. सुनीता यादव, प्रो. के. पी. तिवारी, डॉ. अमरेश बाबू यादव, डॉ. शिववीर सिंह यादव, डॉ. कृष्णवीर सिंह यादव, प्रो. दुर्गा चरण मिश्रा, प्रो. एम. एम. खान, प्रो. ए. के. सिंह, डॉ. प्रो. चंद्रशेखर शर्मा, प्रो. विवेक भटनागर, प्रो. मंजू शर्मा, फिरोज अंसारी, डॉ. अविनाश जैन, डॉ. रंजीत सिंह, कार्यालय अधीक्षक बृजेश हरित, राजीव सिंह और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्री विजया महारानी इंटरनेशनल एकेडमी, रायभा रोड, अछनेरा, आगरा में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अनिल राणा व प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को नमन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक एवं संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

श्यामलाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर यमुना ब्रिज, आगरा में कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत (वंदे मातरम), राष्ट्रगान एवं माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पट्टिका पहनाकर आत्मीय स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम सिंह ने किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष बंसल, भारत विकास परिषद (समर्पण शाखा): अध्यक्ष नितिन गोयल, कोषाध्यक्ष उमंग गोयल, सचिव समीर जैन। विद्यालय प्रबंध समिति एवं गणमान्य अतिथिः अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सतीश चाहर, प्रबंधक संजीव कुमार दोनेरिया, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गोयल, वरिष्ठ सदस्य रामदत्त शर्मा, संस्कार भारती से राजबहादुर, देवेन्द्र, विमलेश मंडलस, निशी दोनेरिया एवं पूर्व प्रधानाचार्य अमर सिंह एवं राजहंस शर्मा समन्वयक मौजूद रहे।

# शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की झांकी निकाली

टीएनएफ टुडे, आगरा।



तिरंगा फाउंडेशन ने ताजनगरी में 8वीं तिरंगा यात्रा निकाली। भारत माता के वीर सपूत एवं शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की स्मृति में तिरंगा फाउंडेशन की ओर से आठवीं भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद ब्रज प्रांत के सहयोग से निकाली गई यात्रा का शुभारंभ फतेहाबाद रोड स्थित अमर होटल तिराहे से मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर एवं समाजसेवी जितेंद्र चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ. जीएस धर्मेश एवं एमएलसी विजय शिवहरे ने शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तिरंगा फाउंडेशन के संस्थापक भोला पंडित, संयोजक जगदीश कुशवाह, सनी उपाध्याय ने बताया कि यात्रा में भारत माता की भव्य छवि के साथ हजारों दोपहिया एवं चार पहिया वाहन शामिल हुए। शहर के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कदम से कदम मिलाकर शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा का प्रमुख आकर्षण शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता की भव्य झांकी रही। तिरंगे से सजे तीन बुलडोजर जयपाल चौधरी के नेतृत्व में यात्रा में शामिल हुए। यात्रा अध्यक्ष डॉ. अलौकिक उपाध्याय एवं युवा अध्यक्ष गौरव ठाकुर ने बताया कि तिरंगा यात्रा अमर होटल से प्रारंभ होकर ताज व्यू तिराहा, होटल मुगल, कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन, बसई पुलिस चौकी, सेल्फी पॉइंट, तौरा, होटल जेपी, कलाल खेरिया और केएनसीसी होते हुए फतेहाबाद रोड स्थित कुआंखेड़ा शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता स्मृति स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में सेवानिवृत्त सेना अधिकारी ग्रुप कैप्टन जयपाल सिंह चौहान, सेवानिवृत ब्रिगेडियर वीके दत्ता, पूर्व सैनिक ब्रजेश चाहर मौजूद रहे।

### दो नवीन वीर कक्षों का लोकार्पण

शहीद के पिता एडवोकेट बसंत गुप्ता एवं माता पुष्पा गुप्ता ने बताया कि शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता स्मृति स्थल पर दो नवीन वीर कक्षों का लोकार्पण राज्यसभा सांसद नवीन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया एवं एमएलसी विजय शिवहरे ने किया। इन वीर कक्षों के माध्यम से भविष्य में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों द्वारा युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती एवं सैन्य सेवा के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। महिला अध्यक्ष एकता जैन, डॉ. केशव दत्त गुप्ता, डॉ. तरुण शर्मा, प्रमोद सिंघल, वीरेंद्र सिंघल, विनय सिंघल, धर्म गोपाल मित्तल, रवि शिवहरे, टीटू गोयल, मुकेश मित्तल, राजेश गोयल, पुष्पेंद्र सिसोदिया, विशाल उपाध्याय, निशा चौधरी, प्रदुमन उपाध्याय, गुड्डू राठौर आदि मौजूद रहे।



### गीत-संगीत के साथ मनाया तीज उत्सव

**आगरा**' आवास विकास कॉलोनी सेक्टर -7, महिला मंडल समिति ने हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया' जिसमें महिलाओं ने मैंने खाटू श्याम बनाया ..गाने की शुरूआत से हुई ' हरियाली तीज भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इसमें महिलाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रधान, 16 श्रृंगार, मेहंदी आदि लगाकर और सज धज कर वहां उपस्थित हुई' लक्ष्मी सिंह ने गाने भोले भंडारी बनकर ब्रज की... सभी महिलाओं ने आनंद के साथ-साथ गाना गया' इसके बाद मधु शर्मा ने कन्हैया मेरा...., एवं राखी गुप्ता ने और जंगल के राजा..., गाने के साथ उसे समय चार चांद लगा दिए' इस उत्सव में मुख्य आकर्षण सेक्टर 7 की मुन्नी मुद्गल का सादगी और परिधानों से सभी का मन मोह लिया' हरियाली तीज महोत्सव मैं सभी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गाने गए और सभी ने अलग-अलग नृत्य किया। सभी ने ग्रुप डांस कर हरियाली तीज का आनंद लिया' इसके बाद एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ' जिसने सभी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महिलाओं में सर्व मधु शर्मा, लक्ष्मी सिंह परिहार, राखी गुप्ता, पूजा, कुशमा, (रावली वाली), अलका जैन, मुन्नी मुद्गल, उमा गौतम आदि ने भाग लिया।

### आमंत्रण सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच ने मनाया हरियाली तीज

आगरा। आमंत्रण, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच द्वारा कमला नगर स्थित सेलिब्रेशन होटल में रविवार को हरियाली तीज उत्सव आयोजित किया गया। महिलाओं ने तंबोला, प्रश्नोत्तरी आदि रोचक खेलों के साथ विभिन्न फिल्मी गीतों पर नृत्य और गायन की प्रस्तुतियों से तीज की खुशियाँ बाँटी। तीज क्वीन प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद भारती सिंघल तीज क्वीन चुनी गईं। शिवानी चौधरी फर्स्ट रनर अप और अलका अग्रवाल सेकंड रन अप रहीं। सर्वेश सिंह पंक्चुअलिटी विनर रहीं। कवि कुमार ललित ने सभी को ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया। प्रीति मंगल और सोनल ने सभी का स्वागत किया।

# ड्राइवर ने पिता संग रची चोरी की साजिश

## सिकंदरा मंडी की आढ़त से 45 लाख की चोरी का खुलासा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सिकंदरा स्थित फल एवं सब्जी मंडी की एक आढ़त में हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुरूआती तौर पर चोरी की रकम करीब एक करोड़ रुपये बताई गई थी, लेकिन पुलिस जांच में करीब 45 लाख रुपये की चोरी सामने आई। सिकंदरा पुलिस ने मामले में आढ़ती के ड्राइवर शिशुपाल और उसके पिता वीरू को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम में से करीब 41 लाख रुपये नकद बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा चोरी का आईफोन और वारदात में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद किया गया है।

डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि आरोपी शिशुपाल आढ़ती के यहां ड्राइवर था और उसे मालिक के आने-जाने, घर और दुकान की गतिविधियों तथा नकदी से जुड़े मूवमेंट की पूरी जानकारी थी। आढ़ती हाजी नसीम के हैदराबाद जाने की जानकारी भी शिशुपाल को थी। इसी का फायदा उठाकर उसने अपने पिता वीरू के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई की रात दोनों आरोपियों ने मौका देखकर आढ़त की दुकान को निशाना बनाया और वहां रखी नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद दोनों ने खुद को शक से बचाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि शिशुपाल आढ़ती हाजी नसीम को एयरपोर्ट छोड़ने और लेने तक गया था।

इस दौरान उसे आढ़ती के कार्यक्रम और उनके आने-जाने की जानकारी मिलती रही। पुलिस का मानना है कि इसी जानकारी के आधार पर आरोपी ने चोरी के लिए सही समय चुना। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही आरोपियों के मोबाइल की सीडीआर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की गई। जांच का दायरा आगे बढ़ने पर पुलिस को शिशुपाल की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। साक्ष्यों को जोड़ते हुए पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने शिशुपाल और उसके पिता वीरू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक शिशुपाल के कब्जे से करीब 41 लाख रुपये नकद, चोरी किया गया आईफोन और वारदात में इस्तेमाल ऑटो बरामद किया गया है। डीसीपी ने बताया कि घटना के खुलासे में लगी पुलिस टीम ने चोरी की गई रकम में से लगभग पूरी रकम बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि घटना का शीघ्र खुलासा करने और चोरी की रकम की बड़ी बरामदगी पर पुलिस कमिश्नर की ओर से पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# विकसित भारत की ओर आजादी की उड़ान

आजादी की पहली लड़ाई में युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को स्वतंत्र बनाया था। 2047 के भारत की लड़ाई में युवाओं को ज्ञान, नवाचार, चरित्र, परिश्रम और राष्ट्रभावना को अपना हथियार बनाना होगा। यदि 1947 की पीढ़ी ने पूछा थाकृह्यभारत को आजाद कैसे कराएं?ह्ल, तो आज की पीढ़ी को पूछना होगा-ह्यभारत को दुनिया का विकसित, समर्थ, शांतिपूर्ण और नैतिक नेतृत्व करने वाला राष्ट्र कैसे बनाएं?ह्लस्वतंत्रता की सार्थकता इसी प्रश्न के उत्तर में छिपी है। हमें ऐसा भारत बनाना है जहां विकास की चमक के साथ मानवीयता की रोशनी भी हो; जहां विज्ञान आगे बढ़े तो संस्कार भी साथ चलें; जहां अर्थव्यवस्था मजबूत हो तो समाज भी समरस हो; जहां भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी पर निर्भर न हो और विश्व की शांति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। आज जब तिरंगा लाल किले की प्राचीर पर लहराएगा, तब हमें केवल यह नहीं कहना चाहिए कि भारत स्वतंत्र है, बल्कि यह संकल्प भी लेना चाहिए कि हम इस स्वतंत्रता को अधिक सार्थक, अधिक जिम्मेदार और अधिक जनकल्याणकारी बनाएंगे। 2047 का विकसित भारत सरकार का अकेला सपना नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी 2047 को नागरिकों के सपनों और संकल्पों से जोड़ते हुए स्पष्ट किया है कि विकसित भारत का निर्माण प्रत्येक भारतीय की भागीदारी से होगा। आजादी के अमृत से लेकर स्वतंत्रता के 80वें पड़ाव तक भारत ने लंबी यात्रा तय की है। अब अगला पड़ाव केवल आर्थिक शक्ति बनना नहीं, बल्कि विश्वास, विवेक, विज्ञान, संस्कार और सामर्थ्य से सम्पन्न भारत बनना है। शहीदों ने हमें स्वतंत्र भारत सौंपा था; अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक ऐसा भारत सौंपें जिस पर उसे गर्व हो। 'यही स्वतंत्रता का नया आयाम है, यही 9 कीज, ओर बढ़ते भारत का E-mail' है और यही हमारे तिरंगे के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। 15 अगस्त भारत के राष्ट्रीय जीवन का वह गौरवपूर्ण दिन है, जब हमारी धरती ने पराधीनता की लंबी रात के बाद स्वतंत्रता का सूर्य देखा था। 2026 में हम स्वतंत्रता का 80वां दिवस मना रहे हैं। यह केवल अतीत के गौरव को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन करने का भी समय है कि जिन सपनों के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, उन सपनों को हमने कितना साकार किया और अब 2047 में स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को कैसा बनाना है। 1947 ने हमें राजनीतिक स्वतंत्रता दी थी, लेकिन 2047 का लक्ष्य Ajun आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, सामरिक और नैतिक रूप से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने का है।

# विदेशी चंदे पर नियंत्रण और संतुलन की अपेक्षा

ललित गर्ग



12 अगस्त 2026 का दिन भारतीय संसद के लिए इसलिए महत्वपूर्ण रहा कि विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 यानी एफसीआरए विधेयक को लोकसभा ने 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति- जेपीसी के पास भेज दिया। यह फैसला केवल एक विधेयक को संसदीय प्रक्रिया के अगले चरण में भेजना नहीं है, बल्कि उस व्यापक बहस का अवसर है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी धन की पारदर्शिता, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की स्वायत्तता, नागरिक समाज की भूमिका और लोकतांत्रिक अधिकार-सभी एक साथ जुड़े हुए हैं। विधेयक को जेपीसी के पास भेजे जाने से सरकार और विपक्ष के बीच तत्काल टकराव को कुछ हद तक विमर्श में बदलने का अवसर मिला है। एफसीआरए का इतिहास भी इस बहस की गंभीरता को समझने में मदद करता है। विदेशी धन के माध्यम से देश के राजनीतिक और सामाजिक जीवन पर बाहरी प्रभाव की आशंकाओं को देखते हुए 1976 में पहली बार कानून बनाया गया था। वर्ष 2010 में इसे नए एफसीआरए कानून से प्रतिस्थापित किया गया और उसके बाद 2020 सहित विभिन्न चरणों में इसके प्रावधान अधिक कठोर होते गए। आज यह कानून केवल विदेशी चंदे की प्राप्ति और उसके उपयोग का लेखा-जोखा रखने का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़े विमर्श का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

भारत में समय-समय पर ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विदेशी वित्तपोषण के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं अथवा राष्ट्रीय हित से टकराने वाली गतिविधियों को लेकर सवाल उठे हैं। इसलिए एफसीआरए का मूल उद्देश्य-विदेशी अंशदान को पारदर्शी, उत्तरदायी और वैध उद्देश्यों तक सीमित रखना-न तो अनुचित है और न ही लोकतंत्र विरोधी। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता और प्रशासनिक शक्ति के विस्तार के बीच एक स्पष्ट रेखा भी होनी चाहिए। यही इस विधेयक की असली परीक्षा है। यदि किसी संस्था ने विदेशी धन का इस्तेमाल आतंकवाद, हिंसा, अलगाववाद, जबरन या प्रलोभन आधारित धर्मांतरण, राजनीतिक अस्थिरता अथवा भारत की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में किया है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रहित में ऐसी कठोरता आवश्यक है। मगर दूसरी ओर यदि कोई संस्था अस्पताल चला रही है, गरीबों के लिए शिक्षा उपलब्ध करा रही है, पर्यावरण संरक्षण कर रही है, महिलाओं और बच्चों के लिए काम कर रही है अथवा प्राकृतिक आपदा में राहत पहुंचा रही है, तो केवल तकनीकी या प्रक्रियागत चूक के कारण उसके वर्षों के सामाजिक कार्य और विदेशी अंशदान से निर्मित परिसंपत्तियों पर तत्काल सरकारी नियंत्रण स्थापित हो जाना चिंता का विषय बन सकता है। यही कारण है कि जेपीसी के पास जाना इस विधेयक के लिए एक सकारात्मक अवसर है। संसद में बहुमत से कानून पारित करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन जिन कानूनों का प्रभाव हजारों संस्थाओं, लाखों लाभार्थियों और देश के व्यापक नागरिक समाज पर पड़ता हो, उनकी बारीकी से जांच लोकतंत्र को मजबूत करती है। जेपीसी में विपक्ष अपनी आपत्तियां रख सकता है, सरकार अपने तर्क स्पष्ट कर सकती है और विधि विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, वित्तीय विशेषज्ञों तथा सुरक्षा एजेंसियों के अनुभवों को भी सामने लाया जा सकता है।

विधेयक में एक महत्वपूर्ण संतुलनकारी प्रावधान यह भी है कि धार्मिक स्थल की धार्मिक प्रकृति को बनाए रखना अनिवार्य होगा। नामित प्राधिकरण किसी ऐसे स्थल को दूसरे उद्देश्य में बदल या उसकी धार्मिक प्रकृति समाप्त नहीं कर सकेगा। इसके अलावा प्रभावित संस्था को 90 दिनों के भीतर पुनरीक्षण का अधिकार और जिला न्यायाधीश के समक्ष अपील का प्रावधान दिया गया है। सरकार ने यह भी बताया है कि पंजीकरण बहाल होने पर अस्थायी रूप से निहित संपत्तियां और अप्रयुक्त धन वापस किए जाएंगे। ये प्रावधान स्वागत योग्य हैं, लेकिन सवाल यह रहेगा कि इन अधिकारों की वास्तविक स्वतंत्रता और प्रक्रिया कितनी प्रभावी होगी। एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन नवीनीकरण से जुड़ा है। 2026 के नियमों में पिछले दो वित्तीय वर्षों में कम से कम 10 लाख रुपये विदेशी अंशदान के उपयोग को सक्रिय संस्था की पहचान के रूप में रखा गया है। साथ ही गतिविधि और राज्य-विशिष्ट पंजीकरण तथा अधिक विस्तृत उपयोग संबंधी जानकारी देने की व्यवस्था भी की गई है। यह व्यवस्था निष्क्रिय संस्थाओं पर नियंत्रण के लिए उपयोगी हो सकती है, लेकिन जेपीसी को यह भी देखना होगा कि क्या हर छोटी लेकिन वास्तविक सामाजिक संस्था के लिए 10 लाख रुपये खर्च करना व्यावहारिक मानदंड है। सामाजिक उपयोगिता का मूल्य केवल धनराशि से नहीं किया जा सकता।

एफसीआरए की बहस को केवल ह्यसरकार बनाम विपक्षह्ल या ह्यराष्ट्रवाद बनाम नागरिक स्वतंत्रताह्ल के द्वंद्व में सीमित करना भी उचित नहीं होगा। असली प्रश्न इससे कहीं बड़ा है-भारत विदेशी धन को किस तरह स्वीकार करेगा और यह सुनिश्चित कैसे करेगा कि विदेशी संसाधन भारतीय समाज के हित में काम करें, न कि भारत की नीतियों और सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने का माध्यम बनें? इसी के साथ यह भी तय करना होगा कि सरकार की नियामक शक्ति इतनी व्यापक न हो जाए कि स्वतंत्र सामाजिक संस्थाओं की वैध असहमति भी संदेह की दृष्टि से देखी जाने लगे। भारत जैसे विशाल और विविध लोकतंत्र में नागरिक समाज सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का सहयोगी अंग है। हजारों गैर-सरकारी संगठन स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण, दिव्यांग कल्याण और आपदा राहत के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। विदेशी अंशदान प्राप्त करने वाली प्रत्येक संस्था को पारदर्शिता, लेखांकन और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना चाहिए, लेकिन सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमन का उद्देश्य संस्थाओं को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि धन के सही उपयोग को सुनिश्चित करना हो। संसद और जेपीसी के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यही संतुलन स्थापित करने की है। विदेशी चंदे की आड़ में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, लेकिन सामाजिक सेवा की आड़ में यदि कहीं वित्तीय अनियमितता है तो उसके लिए भी कोई छूट नहीं होनी चाहिए। समान रूप से, वैध सामाजिक कार्य को केवल वैचारिक असहमति के कारण संदेह के घेरे में नहीं लाया जाना चाहिए। कानून ऐसा हो जिसमें अपराध पर कठोरता और वैध सामाजिक कार्य के प्रति संवेदनशीलता-दोनों साथ चलें।

एफसीआरए संशोधन विधेयक भारत की शासन-व्यवस्था के लिए एक बड़ा अवसर भी है। यदि जेपीसी इस बहस को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठाकर तथ्य, कानून, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के संतुलन के आधार पर देखती है, तो यह विधेयक केवल विदेशी चंदे को नियंत्रित करने वाला कानून नहीं रहेगा, बल्कि भारत में पारदर्शी, उत्तरदायी और स्वस्थ नागरिक समाज की नई आधारशिला बन सकता है। अब अपेक्षा यह है कि जेपीसी न तो सरकारी कठोरता को आंख मूंदकर स्वीकार करे और न विपक्ष की आशंकाओं को अंतिम सत्य माने, बल्कि तथ्यों की गहराई में जाकर ऐसा संतुलित कानून सुझाए जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुरक्षित रहे, विदेशी धन भी पारदर्शी रहे और सामाजिक सेवा की स्वतंत्रता भी अक्षुण्ण रहे। यही एफसीआरए की वास्तविक कसौटी है-विदेशी धन पर नियंत्रण हो, लेकिन जनसेवा पर अंकुश नहीं।

# दिल्ली क्यों रहती है आतंकियों के निशाने पर?

आपको पता होगा कि 15 अगस्त और 26 जनवरी के मौके पर यानी राष्ट्रीय पर्वों दिल्ली अक्सर पाक परस्त आतंकियों के निशाने पर रहती है! ऐसा खुफिया जानकारियों से भी पता चलता है। ऐसा इसलिए कि नई दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, संवैधानिक और प्रतीकात्मक शक्ति का सबसे बड़ा केंद्र है। चूंकि राष्ट्रीय पर्व–15 अगस्त तथा 26 जनवरी–आतंकियों के लिए इसी प्रतीकात्मक महत्व को भुनाने और इसमें भागीदारी जताने वालों के बीच अधिकतम भयावह माहौल पैदा करने का षड्यंत्र रचा जाता है, इसलिए खुफिया व सुरक्षा एजेंसियां चौकस हो जाती हैं। मेरे विचार से असली प्रश्न यह नहीं है कि "आतंकी दिल्ली को क्यों चुनते हैं?" बल्कि असली प्रश्न यह है कि– क्या भारत की राजधानी को केवल राष्ट्रीय पर्वों पर ही नहीं, बल्कि वर्ष के 365 दिनों में ऐसी बहुस्तरीय सुरक्षा मिल रही है जिसमें आतंकियों की योजना बनने से पहले ही उसका पता चल जाए? क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी जीत हमला होने के बाद हमलावर पकड़ना नहीं, बल्कि हमला होने से पहले साजिश को तोड़ देना है। और 2026 में दिल्ली के संदर्भ में यही सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौती है। दरअसल, इस अहम मौके पर जगह जगह उमड़ने वाली भीड़ के बीच आतंकियों द्वारा अपने नापाक इरादों को पूरे करने के अवसर के रूप में देखा जाता है और इसी उद्देश्य से वो अमन–चैन के दुश्मन बन जाते हैं। भला हो एनआईए, खुफिया एजेंसियों और दिल्ली पुलिस का जो समय रहते ही उनके नापाक इरादों को ध्वस्त कर देती हैं। इस समय यह सवाल और गंभीर है, क्योंकि 13 अगस्त 2026 को सामने आई संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट ने नवंबर 2025 के Red Fort आतंकी हमले को अदक्र AQIS (Al-Qaeda in the Indian Subcontinent) से आधिकारिक रूप से जोड़ा है।

लेकिन एक महत्वपूर्ण बात यह है कि अक्सर यह कहना सही नहीं होगा कि "हर 15 अगस्त या 26 जनवरी को दिल्ली पर हमला होने वाला है।" राष्ट्रीय पर्वों के आसपास सुरक्षा एजेंसियों द्वारा खतरे की आशंका को गंभीरता से लेना एक pre-cautionary security doctrine है। 2026 में भी हाई अलर्ट और व्यापक सुरक्षा व्यवस्था इसी सावधानी का हिस्सा है। लेकिन नवंबर 2025 के Red Fort हमले और अब UN की AQIS attribution के बाद यह जरूर कहा जा सकता है कि दिल्ली के प्रतीकात्मक स्थलों को लेकर आतंकवादी संगठनों की रुचि को केवल काल्पनिक खतरा मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

-अनाम

# क्यों सफल नहीं हो रही है 'जेन G' को खुश करने की कोशिश

जगदीश रत्तनानी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया है और जो बात को बिना लाग–लपेट के सीधे कहने के लिए जानी जाती है, उस 'जेन जी' पीढ़ी तक अपना संदेश पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस पीढ़ी से बातचीत शुरू करके बदलते समय के साथ कदम मिलाया है। ऐसा लगता है कि पूरा सिस्टम उन आवाजों को सुनना चाहता है जिन्होंने महज 12 दिनों में ही उस प्रचार अभियान को ध्वस्त कर दिया जिसे 12 सालों तक बहुत सावधानी से तैयार किया गया था, बड़े पैमाने पर योजना बनायी गयी थी और जिस पर भारी–भरकम खर्च किया गया था ताकि मौजूदा पार्टी लीडरशिप की एक खास छवि बनाई जा सके। यह एक तरह का 'बुलडोजर असर' था जिसने डिजिटल दुनिया में भारतीय जनता पार्टी की 'तोड़–फोड़ वाली राजनीति' को उसी की कड़वी दवा पिला दी। सवाल यह है कि आप उन लोगों के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे जो कल की विनम्र बातचीत और शालीन आलोचना को छोड़कर पूरी ईमानदारी और बेबाकी से बात करना पसंद करते हैं? भारत के ऊंच–नीच वाले सामाजिक ढांचे में ऐसी बेबाकी या तो समझ नहीं आती या फिर लोग इससे अनजान होते हैं। पुराने जमाने के तरीके (और कुछ पुरानी मैनेजमेंट ट्रेनिंग) में एक सुरक्षित बात कही जाती थी कि, 'असहमत होना ठीक है लेकिन उसे शालीन तरीके से जाहिर करना चाहिए।' भारत में यह माना जाता है कि सत्ता में बैठे लोग जानकार और जिम्मेदार होते हैं। हमें प्रधानमंत्री का 'सम्मान' करने के लिए कहा जाता है और 'जेन जी' पूछना चाहती है: 'क्यों?' अगर असहमति के इतने सारे कारण हैं तो क्यों न दिखावटी शिष्टाचार को छोड़कर सीधे और कड़े तरीके से असहमति जताई जाए?

उस रास्ते पर निडरता से आगे बढ़ते हुए, जंतर–मंतर पर इतिहास रचने वाले प्रदर्शनकारियों ने एक अयोग्य मंत्री को हटवाने में कामयाबी हासिल की और बीजेपी–आरएसएस को कुछ अहम सबक सिखाए हैं। उन्होंने कई पुरानी धारणाओं को भी गलत साबित किया है, जैसे कि बढ़ा–चढ़ाकर किए गए दावों और शानदार कैंपेन से कुछ समय के लिए तो छवि बन सकती है लेकिन समय के साथ वही छवि बुरी तरह टूट भी सकती है। अगर बहुत ज्यादा ड्डोर–ड्डबरदस्ती से प्रचार किया जाए और उससे लोगों में शक या उससे भी बुरा कुछ पैदा हो तो उस प्रचार का बुरा अंजाम हो सकता है। सोशल मीडिया पर लाइक्स या फॉलोअर्स की संख्या का जश्न मनाने का दौर 'इन्फ्लुएंसर्स' के जमाने का था। अब 'एंटी–इन्फ्लुएंसर्स' का दौर है जो आपकी गलतियों को सबके सामने लाने के लिए तैयार रहते हैं। इसके अलावा सिर्फ आंकड़ों से यह पता नहीं चलता कि किसी राजनीतिक संदेश



को लोगों ने कितना अपनाया है। जब डिजिटल दुनिया शोर–शराबे वाले प्रोपेगैंडा से भरी हो, जिसमें संगठित, खरीदे गए और ड्डबरदस्ती पहुंचाए गए व्यूड्ढ का मिला–जुला असर होता है तो जरूरी नहीं है कि ज्यादा व्यू काउंट समर्थन में बदल जाएं। आईटी सेल या तो दर्शनीयता को ही असली समर्थन मान लेते हैं या फिर उन्हें इस आसान पैमाने को बढ़ावा देने में दिलचस्पी होती है। इससे वे उस बढ़ते हुए दर्शकों के वर्ग को छिपा देते हैं जो तारीफ के लिए नहीं बल्कि गहरे शक और कभी–कभी पूरी तरह नफरत के साथ उन्हें देखते हैं।

इस दुनिया में कंटेंट की ईमानदारी मायने रखती है, न कि दिखावटी रूप–रंग। यह बातचीत के उस पुराने और सहज अंदाड्ढ को वापस लाता है जिसे अब भरोसे और पक्के यकीन की पहचान माना जाने लगा है। असल में यह तरीका कोई नया नहीं है बल्कि यह जीने का एक ऐसा अंदाज था जो दिखावे, झूठी बातों और कंट्रोल किए जाने वाले टीवी व पैसे कमाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाए जाने वाले बनावटी गुस्से के दौर में कहीं खो गया था। 'जेन जी' ने उस पुराने अंदाड्ढ को फिर से अपनाया है और सिर्फ इसी बात के लिए उनकी तारीफ होनी चाहिए। सिस्टम ने एक तरफ बहुत ज्यादा ड्डोर डाला था और अब स्प्रिंग की तरह वह वापस अपनी जगह पर आ रहा है।

यह स्थिति ऐसे नेताओं के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन गई है जिनकी सोच सत्ता, मर्दानगी और दिखावटीपन पर टिकी है। ये ऐसी चीजें हैं जिन्हें आज की नई पीढ़ी न तो महसूस करती है और न ही पसंद। जो पीढ़ी विविधता का जश्न मनाती है, जिसे क्लाइमेट चेंज की चिंता हो सकती है एवं जो बड़े कॉर्पोरेट घरानों पर भरोसा नहीं करती, वह स्वाभाविक रूप से 'बुलडोजर राज' और 'क्रोनी कैपिटलिज्म' (खास दोस्तों को फायदा पहुंचाने वाला पूंजीवाद) को नकार देगी जो इस सरकार की पहचान बन गए हैं।

पिछले हफ्ते आईआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान भाजपा की सोच और 'जेन जी' के नजरिए के बीच का बुनियादी फर्क साफ दिखा। कैंपस में 'सिलेबस' बनाम जिंदगी के 'सिलेबस से बाहर' वाली बातों या 'जेन जी' के शब्दों जैसे 'ब्लडलाइन' की नकल करने से कहीं आगे बढ़कर मोदी ने ग्रेजुएट होने वाले छात्रों को बड़ी चुनौतियों को छोटे–छोटे हिस्सों में बांटकर उनका सामना करने की सलाह दी। दुनिया की मुश्किल समस्याओं पर काम करने वाले लोग जानते हैं कि इसे 'रिडक्शनिस्ट अप्रोच' (चीजों को छोटे हिस्सों में बांटकर समझने का तरीका) कहा जाता है और इसी तरीके को आज के बड़े संकटों, जैसे जलवायु परिवर्तन और इंसानियत को 'एंथ्रोपोसीन' (इंसानी गतिविधियों से प्रभावित दौर) के दौर में धकेलने के लिए जिम्मेदार माना जाता है। हमारे आस–पास की चीड्डों के आपस में जुड़े होने को समझने वाले संवेदनशील नेताओं की आम राय यह है कि इसे सिस्टम के नड्डारिए से समझा जाए कि दुनिया और प्रकृति कैसे काम करती है और यह देखा जाए कि एक काम का दूसरे पर क्या असर पड़ता है; तथा इसे बड़े पैमाने पर लागू किया जाए। इसके साथ ही विज्ञान को बिना मूल्यों वाली दौड़ का हिस्सा न बनाते हुए उसे मानवीय और मूल्यों पर आधारित बनाया जाए। यह शायद 'जेन जी' की भाषा जैसा लग सकता है लेकिन भाजपा की समझ या शब्दावली में इसका कोई ड्डिक्र नहीं है।

इस नजरिए से देखें तो 'जेन जी' शायद भाजपा–आरएसएस की वैचारिक नींव को पूरी तरह से नकारने का प्रतीक हो सकता है। बेशक, मौजूदा नेतृत्व वाली पार्टी आसानी से पीछे नहीं हटेगी क्योंकि उसके पास मुकाबला करने और अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए संसाधन हैं किन्तु नए समर्थक पाने के लिए अपनी कहानी को फिर से गढ़ने की उम्मीद कम ही है। दूसरी ओर विपक्ष और खासकर राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस एक बहुत आकर्षक विकल्प के तौर पर उभर सकती है। ध्यान दें कि राहुल गांधी सहज बातचीत में माहिर हैं, ठीक वैसी बातचीत जिससे मोदी कतराते हैं। फिर भी, राहुल गांधी को मुश्किल इम्तिहानों का सामना करना होगा। इनमें से एक है झारखंड में छात्रों के विरोध–प्रदर्शन में आया राजनीतिक मोड़, जहां लाठीचार्ज हुआ। झारखंड की सरकार कांग्रेस के समर्थन से चल रही है। राहुल ने वहां पुलिस कार्रवाई की आलोचना करके अच्छा काम किया है। कुल मिलाकर, बदले हुए राजनीतिक माहौल की कहानी को सिर्फ.स्टाइल, भाषा या बागी युवाओं का मुद्दा समझना गलती होगी क्योंकि यह असल में हमारे समय की राजनीति के मूल स्वरूप में बदलाव का संकेत हो सकता है।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 18 अगस्त 2026 मंगलवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला वृश्चिक और धनु राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन संकटमोचन श्री हनुमान जी तथा भूमिपुत्र मंगल देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को चमेली का तेल और सिंदूर अर्पित करने तथा सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन की समस्त बाधाएं दूर होती हैं और असीम आरोग्य पराक्रम तथा विजय प्राप्त होती है।

### मेष


आज आपका पराक्रम और कार्य कुशलता चरम पर रहेगी जिससे आप कठिन से कठिन चुनौतियों को भी बहुत सरलता से पार कर लेंगे। भूमि और भवन से जुड़े पुराने मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे। हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं जिससे आपके सभी रुके हुए कार्य तेजी से पूरे होंगे।

### वृष

आज आपको अपनी वाणी और भाषा शैली पर विशेष संयम रखने की आवश्यकता है अन्यथा परिजनों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। व्यापार में धन का लेन देन करते समय पूरी सतर्कता बरतें। किसी मंदिर में लाल मसूर की दाल दान करें जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी।

### मिथुन

आज आपकी तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता और रणनीतिक सोच से व्यापार में अप्रत्याशित लाभ के सुंदर योग बन रहे हैं। नए संपर्क सूत्रों के माध्यम से करियर में प्रगति होगी। श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके यश और सम्मान में निरंतर वृद्धि होगी।




### कर्क

आज कार्यस्थल पर अधिक कार्यभार के कारण शारीरिक थकान और तनाव का अनुभव हो सकता है इसलिए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अनावश्यक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। शिवलिंग पर शहद अर्पित करें जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा और शांति मिलेगी।

### सिंह

आज आपकी राशि पर मंगल का शुभ प्रभाव बना रहेगा जिससे समाज और राजनीति के क्षेत्र में आपका वर्चस्व और प्रभाव बढ़ेगा। आय के नए स्त्रोत मिलने से मन अत्यंत प्रफुल्लित रहेगा। हनुमान जी के सम्मुख दीपक जलाएं जिससे आपकी सभी बाधाएं स्वतः समाप्त होंगी।

### कन्या

आज प्रशासनिक और सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता प्राप्त होगी तथा उच्च अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यापारिक क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करने के लिए समय उत्तम है। गरीब बच्चों को फल दान करें जिससे आपके भाग्य का द्वार खुलेगा।

### तुला

आज धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आपको आत्मिक संबल और परम शांति मिलेगी। भाग्य का पूर्ण साथ मिलने से सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। बहते जल में थोड़ा सा गुड़ प्रवाहित करें जिससे आपके कष्ट दूर होंगे।

### वृश्चिक

आज आपको वाहन चलाते समय और यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। व्यावसायिक निर्णयों में जल्दबाजी से बचें और अनुभवी लोगों से परामर्श लें। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें जिससे सभी गुप्त संकट समाप्त होंगे।

### धनु

आज दांपत्य जीवन में अपार मधुरता रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक कार्य पूरा होगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होने के मजबूत योग हैं। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपका प्रभाव बढ़ेगा।

### मकर

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं को परास्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आपके पक्ष में कोई राहत मिल सकती है। पक्षियों को लाल ज्वार या गेहूं डालें जिससे मन का भय समाप्त होगा।

### कुंभ

आज विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यंत शुभ और सफलता देने वाला रहेगा तथा अध्ययन में एकाग्रता बनी रहेगी। कला और लेखन क्षेत्र से जुड़े जातकों को सम्मान मिलेगा। हनुमान चालीसा का वाचन करें जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी।

### मीन

आज आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और भूमि अथवा नए वाहन की खरीद–फरोख्त से जुड़ा निर्णय ले सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। गाय को गुड़ और रोटी खिलाएं जिससे आपके घर में शांति और अखंड समृद्धि बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

मंगलवार के दिन भवन के दक्षिण कोण अथवा मुख्य द्वार को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां चमेली के तेल का दीपक प्रज्वलित करने तथा सिंदूर से स्वास्तिक निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा हनुमान जी की कृपा से दुर्घटना भय तथा नकारात्मक ऊर्जा का पूर्ण विनाश होता है।

# भव्यता, गरिमा एवं सम्मान के साथ ब्रज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## सरकार के नेतृत्व में आम-जनमानस निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर- चौ. लक्ष्मीनारायण

- स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव, प्रधान, कंसल्टेंट इंजीनियर एवं सफाई कर्मी सम्मानित।
- स्कूलों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।





कान्हा की नगरी मथुरा में 80वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं वंदेमातरम के साथ मनाया गया। जनपदभर के शिक्षण, औद्योगिक के साथ हर घर तिरंगा फहराया गया। खेल विभाग की ओर से क्रासकंट्री दौड़ में भी युवाओं ने जोश के साथ भाग लिया।

डैंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। मंत्री ने कहा कि हम सभी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करके हुए भारत को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। इसी प्रकार जनपद के विकास के लिए जिला प्रशासन एवं जनपदवासियों को एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के इतिहास की रचना में भारत के प्रत्येक परिवार ने कोई न कोई योगदान अवश्य दिया है, इसका जीवंत उदाहरण आज इस कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को देख कर समझा जा सकता है।

कार्यक्रम में मंत्री ने वीर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता ने कहा कि आज 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें, कि हम अपने देश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे, अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार लेंगे तथा जिस भूमिका में है उसी में ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

# पूर्व पीएम अटल की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों की श्रद्धाजंलि

- भाजपा पूर्व महामंत्री प्रदीप गोस्वामी के कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प किया।

रविवार को महाविद्या कुंड के सामने स्थित भाजपा महानगर(जिला) पूर्व महामंत्री प्रदीप गोस्वामी के कार्यालय पर कार्यक्रम में चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कई जनहितकारी योजनाओं का शुभारंभ किया, जिससे देश को आगे ले जाने में मदद मिली। पूर्व जिला महामंत्री चिंताहरण चतुर्वेदी और पूर्व महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल ने कहा कि कहा कि देशभर में पूर्व प्रधानमंत्री के सुशासन, राष्ट्रसेवा और ओजस्वी वक्ता के रूप में दिए गए योगदान को याद किया जाता है। इस मौके पर भाजपा नेता गोपाल चतुर्वेदी, यज्ञदत्त कौशिक, यतेंद्र फौजदार, भोजराज सुमन, मलय सिंह ठाकुर,सूर्य प्रताप सिंह,देवेंद्र कुमार कृष्णगोपाल कर्दम, श्याम ठाकुर, किशोरी बघेल, दीपक माहौर ने पुष्प अर्पित किए।

### सराहनीय कार्य के लिए एसओ अजय कुमार सिंह को मिला गोल्ड मेडल

टीएनएफ टुडे, मथुरा। पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान के लिए मोगर्रा थाना प्रभारी (एसओ) अजय कुमार सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक एसके भगत द्वारा प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। समारोह के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा अजय कुमार सिंह की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके कार्यकाल के दौरान न केवल आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगा, बल्कि जनता के बीच पुलिस की छवि में भी काफी सुधार हुआ। मोगर्रा से पहले वह सुरीर थाना प्रभारी रहे थे, जहां उन्होंने टैटीगांव डकैती कांड का सफल अनावरण करते हुए दो डकैतों को ढेर किया था। एसओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान मुझे भविष्य में और अधिक निष्ठा व ईमानदारी से जनता की सेवा करने की प्रेरणा देगा।

# यूएसए में अप्रवासी बोले, भारत माता की जय ! बोस्टन में फहराया तिरंगा

- भारत के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करने वाले ही देषभक्त - देवकीनंदन महाराज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृन्दावन।



यूएसए के बोस्टन में रह रहे अप्रवासी भारतीयों ने भी स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फैहराकर देशभक्ति की भावना प्रदर्शित की। देवकीनंदन महाराज के साथ दर्जनों अप्रवासी भारतीय परिवारों ने राष्ट्रगान गाकर ह्यभारत माता की जयह्व के देशभक्ति पूर्ण जयकारे लगाये। बोस्टन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व दर्जनों परिवारों ने तिरंगे को सलामी देकर देष के मान-सम्मान और स्वाभीमान की रक्षा करने का प्रण लिया। देश की आजादी के शहीदों को नमन करते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि लाखों लोगों के बलिदानों के बाद भारत की स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। देशभक्ति और आजादी का सही अर्थ वे ही जान सकते हैं जो अपने भारत के मान, सम्मान और स्वाभिमान को सहेज रहे हैं। आयोजन में विष्व शांति सेवा चौरीटेबल ट्रस्ट सचिव विजय शर्मा, पंकज शर्मा, संजीव पटेल, सुनीता शर्मा, परिमल, राजेश शुक्ला, संजीव त्रिपाठी, डॉ. मुकेश पटेल, राकेश बरला, शेखर मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# जय भवानी, जय शिवाजी से गूंजा आगरा कालेज

## छत्रपति शिवाजी के सेनापति के वंशजों ने दिखाई युद्ध कला

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।



17 अगस्त 1666 को महाराज छत्रपति शिवाजी अपनी कार्यकुशलता, युद्ध क्षमता, और वीरता के बल पर औरंगजेब की कैद से मुक्त होकर आगरा से निकले थे। शिवाजी के सेनापतियों के 14वें वंशज इस दिन को स्मृति दिवस के रूप में मनाते हुए आगरा से राजगढ़ तक 1253 किलोमीटर लंबी गरुड़ उड़ान यात्रा पिछले 7 वर्षों से अनवरत निकाल रहे हैं। लाल किला के सामने शिवाजी प्रतिमा स्थल से शुरू होने वाली इस यात्रा में 1000 धावक 100 साइकिल सवार सम्मिलित होते हैं। इस संदर्भ में शिव चातुर्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन आगरा कॉलेज के गंगाधर शास्त्री भवन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री भरत सेठ गोगावले, शिवसेना प्रमुख जुन्नार महाराष्ट्र योगेश बाबू पाटे, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री एवं छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक आगरा के समन्वयक जयकुमार रावल, आगरा कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सी के गौतम, एमटीडीसी के डायरेक्टर नीलेश गटनी ने छत्रपति शिवाजी और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री समर्थ गुरु रामदास एवं छत्रपति शिवराय प्रतिष्ठान आगरा के द्वारा सभी अतिथियों का महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश की संस्कृति के अनुरूप साफा पहनाकर एवं स्मृतिचिनह भेंटकर किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि छत्रपति शिवाजी को लेकर इतिहासकारों के शोध के बाद कोठी मीना बाजार स्थित राम सिंह की कोठी को संग्रहालय और स्मारक के रूप में विकसित किया जा रहा है ।

### गरुड़छेप पुस्तक एवं पोर्टल का हुआ विमोचन

आगरा कॉलेज के गंगाधर शास्त्री भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में गरुड़क्षेप मुहिम की गरुड़ क्षेप पुस्तक एवं पोर्टल का विमोचन किया गया।

### नाटक के माध्यम से कलाकारों ने दिखाई युद्ध कला

छत्रपति शिवाजी के सेनापतियों के 14वें वंशजों की मौजूदगी में आगरा कॉलेज की गंगाधर शास्त्री भवन में मराठी कलाकारों ने प्राचीन युद्ध कला का प्रदर्शन किया।

### एएसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत एमएसएम अवार्ड से होंगे सम्मानित

टीएनएफ टुडे, मथुरा। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के उत्कृष्ट योगदान और सराहनीय सेवाओं के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मथुरा, सुरेश चंद्र रावत को प्रतिष्ठित मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (एमएसएम) से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार तथा अन्य अधिकारियों द्वारा सुरेश चंद्र रावत को उक्त उपलब्धि के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दी गई। इस उपलब्धि पर श्री रावत ने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी व्यक्तिगत सफलता मात्र नहीं है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और सभी शुभचिंतकों के निरंतर स्नेह, सहयोग व अटूट विश्वास का परिणाम है।

### जिला कारागार में बंदियों ने दीं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां

टीएनएफ टुडे, मथुरा। जिला कारागार में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बहुत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा कारागार की मुख्य प्राचीर पर प्रातः आठ बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर अंशुमन गर्ग को अपने कार्यकाल में किए गए कारागार सुधार कार्यों के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा महोदया के द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। उक्त के अतिरिक्त महानिदेशक कारागार द्वारा देव दत्त जेल वार्डर को रजत मेडल एवं संदीप यादव जेल वार्डर को सिल्वर मेडल एवं सुमन्त कुमार जेल वार्डर को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। प्रातः 10 बजे कारागार के अन्दर सभी बंदियों के मध्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कारागार के बंदियों द्वारा देश के अमर शहीदों की याद में देशभक्ति से ओत प्रोत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कारापाल सुरेन्द्र मोहन सिंह, चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी व डाव उत्पल सरकार उपकारापाल दुर्गेश प्रताप सिंह, रवीन्द्र कुमार, हेमराज, मयंक त्रिपाठी फार्मासिस्ट सोहन स्वरूप सारस्वत एवं शिक्षा अध्यापक सुरेन्द्र चौधरी व अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

# 2027 में बनेगी यूपी में भाजपा की सरकारः अरुण सिंह

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि 2027 में यूपी में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। राष्ट्रीय महासचिव ने कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी की दशा को सुधार दिया है। शुक्रवार को महाविद्या कुंड स्थित भाजपा के पूर्व महामंत्री प्रदीप गोस्वामी के कार्यालय पर पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव ने वार्ता में उक्त बात कहीं।

यहां पर महासचिव का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर एमएलसी ओमप्रकाश सिंह, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, जिला सेकरी संघ के अध्यक्ष सुल्तान सिंह तरकार, भुवन भूषण कमल, चिंताहरण चतुर्वेदी, भाजपा नेत्री पूजा चौधरी, राधा ठाकुर, श्याम सिंघल, पार्षद राकेश भाटिया, राजेश गुप्ता, मलय सिंह राठौर, यतेंद्र फौजदार, चंद्रपाल कुंतल, पुनीत चतुर्वेदी, तेजवीर सिंह, नीरज वशिष्ठ, कुंजबिहारी भारद्वाज, शशांक शर्मा, देवेंद्र कुमार, मुनेश दीक्षित, लोकेश तायल, प्रमोद बंसल, प्रणव गोस्वामी, सुधांशु खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

# रंजिश में फायरिंग, युवक को लगी गोली

## भाई की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फतेहाबाद।** रंजिश को लेकर थाना फतेहाबाद के कुतकपुर गोला में रात्रि 10 बजे अंधाधुंध फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई। इस दौरान एक के गोली लगी 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। व्यापार के हिसाब को लेकर फोन पर गाली-गलौज के बाद घटना हुई थी। फायरिंग के बाद राइफल के साथ एक का वीडियो वायरल पुलिस जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयप्रकाश पुत्र भूरी सिंह निवासी डिरावली, राजाखेड़ा धौलपुर ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि मेरा भाई जितेंद्र व कुलदीप, योगेंद्र आदि बुलोरो गाड़ी से फतेहाबाद मेला देखने आ रहे थे तभी रात्रि 10 बजे बुलोरो गाड़ी को योगेंद्र चल रहा था तो कुतकपुर गोला गांव के पास सामने से काले रंग की बुलोरो बिना नंबर की मेरे भाई की गाड़ी के सामने लगा दी जिसमें रामबृज पुत्र रूप सिंह गाड़ी से अपने साथियों के साथ नीचे उतरा तथा उस गाड़ी के साथ कुछ बाइक सवार भी थे जिसमें नेत्रपाल निवासी सिलावट, अजय उर्फ भुट्टा निवासी अनुरूध्दपुरा, रामभरत निवासी देवखेड़ा, संदीप निवासी रामगढ़, भोले पुत्र कुमरपाल निवासी कुतकपुर गोला, अमरीश पुत्र रूप सिंह निवासी मनौना, पुष्पेंद्र उर्फ छोटा पुत्र राजबहादुर निवासी मनौना, हरेंद्र पुत्र सुरेश निवासी मनौना, पालेंद्र उर्फ पालू पुत्र प्रमोद निवासी मनौना थे। जहां भोले के हाथ में उसके पिता की लाइसेंसी राइफल थी तभी उतरते ही रामबृज ने कहा है कि आज इसका हिसाब पूरा करते हैं और लाइसेंस तथा अवैध हथियारों से रामबृज व उसके साथियों ने मारने की नीयत से जितेंद्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिससे जितेंद्र के बाएं हाथ में गोली लगने से गंभीर घायल हो गया तभी भाई के साथ के लोग बुलोरो गाड़ी में घायल जितेंद्र को ले जाने लगे तो विरोधियों के द्वारा गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई तभी साथी योगेंद्र के द्वारा 112 पर पुलिस तथा मुझे भी सूचना दी गई तभी मैं स्कॉर्पियो गाड़ी से घटनास्थल पर पहुंचा और अपने घायल भाई को गाड़ी में डालकर फतेहाबाद ले जा रहा था तभी रास्ते में उक्त लोगों ने जान से मार की नीयत से मेरी गाड़ी पर भी फायरिंग की गई तभी रास्ते में पुलिस आई और फतेहाबाद से भाड़े की गाड़ी लेकर अपने भाई को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया वहीं पुलिस ने तहरीर पर रामबृज पुत्र रूप सिंह, नेत्रपाल ,अजय उर्फ भुट्टा, राम भरत ,संदीप ,भोला पुत्र कुमर पाल निवासी कुतकपुर गोला ,अमरीश पुत्र रूप सिंह ,पुष्पेंद्र उर्फ छोटा पुत्र राजबहादुर, हरेंद्र पुत्र सुरेश ,पालेंद्र उर्फ पालू पुत्र प्रमोद निवासी मनौना के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन के विनोद कुमार गौतम बने अध्यक्ष

टीएनएफ टुडे, मथुरा। कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन की मथुरा इकाई की विस्तारित कार्यकारिणी का गठन रविवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश महामंत्री शिशिर शर्मा और प्रदेश संगठन मंत्री नरेश द्विवेदी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें कार्यकारिणी में विनोद कुमार गौतम को अध्यक्ष, राकेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वंदना कुशवाहा और रामनाथ को उपाध्यक्ष, सत्येंद्र शर्मा को मंत्री, वरुण कटियार को कोषाध्यक्ष, संजीव द्विवेदी को संगठन मंत्री, दिलीप कटियार और नवनीत पाठक को संयुक्त मंत्री तथा दिलीप उपाध्याय को मीडिया प्रभारी चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनय प्रकाश शर्मा, राजकुमार, प्रताप सिंह, राघव सिंह, सौरभ शर्मा और निर्मला शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश महामंत्री शिशिर शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।कार्यक्रम में मनोज कुमार सागर, राजेंद्र राम, दिलीप कुमार सिंह, विनीता, अनिल कुमार, पंकज कुमार, विवेक आदि उपस्थित थे। सफेद छतरी से बरसाई श्रीराधा ने कृपा हरियाली तीज की संध्या पर राधारानी की शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा को मंदिर के गर्भगृह से नीचे परिसर में बनी संगमरमर की सफेद छतरी में लाया गया। बैंड बाजों के साथ राधारानी की शोभायात्रा सफेद छतरी में पहुंची। राधाकृष्ण के श्रीविग्रह को सफेद छतरी में विराजमान किया गया।

### विधवा माताओं ने बनाई प्रधानमंत्री के लिए विशेष राखियां

टीएनएफ टुडे, वृंदावन। सुलभ इंटरनेशनल के तत्वावधान में ऐतिहासिक गोपीनाथ मंदिर में आयोजित इस समारोह में माताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 1100 से अधिक विशेष राखियाँ बनाईं और उन्हें भाई के रूप में अपना स्नेह व आशीर्वाद समर्पित किया। कार्यकारी संयोजिका नित्या पाठक ने कहा कि आज वृंदावन की माताओं के साथ रक्षाबंधन मनाना मेरे लिए अत्यंत भावुक और सौभाग्य का क्षण है। बताया कि पाँच माताएँ रक्षाबंधन के अवसर पर इन राखियों और मिठाइयों की टोकरियाँ लेकर दिल्ली जाएँगी और प्रधानमंत्री को यह उपहार भेंट करेंगी। मदन झा ने कहा कि सभी माताएँ हमारी शक्ति हैं, हमारी प्रेरणा हैं और हमारे परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। सुलभ परिवार हमेशा इनके साथ खड़ा रहेगा। वर्ष 2012 से सुलभ इंटरनेशनल वृंदावन की विधवा माताओं के साथ लगातार जुड़ा हुआ है।

### रामलीला मैदान में श्रीराम सिंघासन पर हुआ लेंटर

पिनाहट (आगरा)। रामलीला मैदान पिनाहट में श्रीराम सिंघासन के ऊपर लेंटर निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को विधि-विधान से संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नवीन पाराशर के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमेटी के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की सफलता की कामना की। कमेटी अध्यक्ष नवीन पाराशर ने कहा कि श्रीराम सिंघासन भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा होगी और रामलीला के दौरान कार्यक्रम और अधिक दिव्य लगेगा। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान पिनाहट क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। कमेटी द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि यहां आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान ब्रह्मानन्द व्यास जी, मनोज तिवारी, रामनिवास शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, हर्ष कुमार, महावीर ओझा, चंद्र मोहन तिवारी समेत कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया।

# जलेसर रोड पर कांवड़ियों के लिए लगाया भंडारा

**एत्मादपुर।** सावन के पावन महीने में शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चावली के अंतर्गत आने वाले गांव नगला प्रेम के निवासी भूरा चौहान ने समस्त क्षेत्रवासियों और ग्रामीणों के सहयोग से जलेसर रोड पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया। यह विशाल भंडारा बोहरे पातीराम महाविद्यालय कट पर आयोजित किया गया। भंडारा सुबह 10 बजे बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। भंडारे में हजारों की संख्या में कांवड़ियों और राहगीरों ने रुककर प्रसाद ग्रहण किया। भोलेनाथ के जयकारों से पूरा माहौल शिवमय हो गया।

जलेसर रोड कांवड़ियों के गुजरने का एक मुख्य मार्ग है। यहां से प्रतिदिन हजारों शिव भक्त सोरों (कासगंज) से कांवड़ में गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। उत्तर प्रदेश के स्थानीय शिव भक्तों के साथ-साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश के श्रद्धालु भी भारी संख्या में इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। आयोजक भूरा चौहान पिछले कई वर्षों से लगातार इस मार्ग पर कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं। इस दौरान किशोर चौहान, विक्रम चौहान, खाली चौहान, अजीत चौहान, प्रवेन्द्र चौहान, रवि चौहान, संतोष चौहान, प्रमोद चौहान, मुकेश चौहान, बंटी चौहान, सौरभ चौहान, कान्हा चौहान, विशाल चौहान, सोनू पंडित, मोहन चौहान, पववे ठाकुर, राजेश सविता, जगवीर चौहान, हेवेन्द्र चौहान मौजूद रहें।

# ये अटल गीत गंगा बहती रहेगी...

- अटल गीत गंगा ने श्रद्धेय अटल जी को किया याद
- पुण्यतिथि पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।




पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर रविवार को "अटल गीत गंगा परिवार" द्वारा निखिल बुक कैफे में एक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ निर्मला दीक्षित ने बताया कि अटल जी के परिवार का सदस्य होना ही मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है और उन्होंने मुझे सिखाया कि सदैव न्याय और सत्य के पथ पर चलना भले कितनी भी मुश्किलें क्यों न आएं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय हिंदी संस्थान से प्रोफेसर उमापति दीक्षित जी ने कहा कि यथानाम तथा गुण की भाँति वे अपने निर्णय सदैव विचारकर लेते थे पर जो एकबार निर्णय कर लिया फिर उस पर अटल रहते थे।

विशिष्ट अतिथि डॉ शुभदा पांडे ने कहा कि वे ऐसे अजात शत्रु हैं जिनका विपक्ष भी सम्मान करता था। आचार्य उमाशंकर पाराशर जी ने अटल जी से जुड़े संस्मरण और एक गीत प्रस्तुत किया,श्री प्रभुदत्त उपाध्याय जी ने अटल जी की पंक्तियों के साथ साथ अटल जी से जुड़े प्रसंग साझा किए। कवि राकेश निर्मल ने अपनी गजल के माध्यम से महापुरुषों के अनुकरणीय व्यक्तित्व को वर्णित किया। केनरा बैंक के प्रबंधक अरुणेंद्र तिवारी ने अटल जी के जीवन के कुछ अनसुने प्रसंग सुनाए। आगरा पुलिस विभाग में कार्यरत निरीक्षक प्रभात दीक्षित जी ने अटल जी के महान व्यक्तित्व पर अपने विचार और संस्मरण साझा किए। कवयित्री और अटल गीत गंगा परिवार की संस्थापक सदस्य डॉ रुचि चतुर्वेदी जी की पंक्तियाँ- अटल देह तजकर कहाँ चल दिए, अटल गीत गंगा ये बहती रहेगी।

संस्थापक अध्यक्ष डीजीसी अशोक चौबे, संचालन कवि पद्म गौतम ने किया। अंत में अटल गीत गंगा परिवार की ओर से दीपक चौबे एवम् मोहित जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 2027 में सपा का 2017 से भी बुरा हाल होगा: पर्यटन मंत्री

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के नए प्रतिष्ठान का पर्यटन मंत्री ने किया शुभारंभ

टीएनएफ टुडे, करहल।

भाजपा मंडल अध्यक्ष कलपेन्द्र भारतीय के नए प्रतिष्ठान का रविवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। प्रतिष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यकताओं ने पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत कर जोरदार अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकताओं ने पर्यटन मंत्री के साथ ही मंडल अध्यक्ष कलपेन्द्र भारतीय को नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।





शुभारंभ के बाद पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने पत्रकारों से खास बातचीत करते हुए कहा कि देश को आजादी तमाम बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण मिली है। उन्होंने कहा कि आज हम जिस खुले वातावरण में स्वतंत्र रूप से जीवन जी रहे हैं, उसके पीछे देश के वीर सपूतों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि करीब 79 वर्ष पूर्व देश की आजादी की जंग बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर जीती थी। अनेक वीरों ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया और देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे महान बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को देश कभी भुला नहीं सकता।

राजनीतिक सवाल पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का हाल वर्ष 2017 से भी बुरा होगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि करहल में भी इस बार कमल खिलेगा।

ठाकुर जयवीर सिंह ने कहा कि भाजपा ने आगामी चुनाव को लेकर नए आयाम, नई रणनीति, नए वातावरण और नए संकल्प के साथ अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए मजबूत संकल्प जरूरी है और संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त होती है।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, ममता राजपूत, अनिल चौधरी, अनुजेश यादव, भूपेंद्र यादव, अरुण चौहान, विमलेश पाण्डेय, विमल पांडेय, संजीव कश्यप, राजकुमार शाक्य, अनूप यादव, कवीर यादव, अंकित गुप्ता, सचिन वर्मा छोटू, वंटी वर्मा, एड मनोज यादव, मु आसिफ, वीरेंद्र पांडेय, ब्रम्हानंद तिवारी समेत भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सभी ने नए प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कलपेन्द्र भारतीय को शुभकामनाएं दीं।

# ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने ध्वजारोहण कर लिया देश की एकता-अखंडता का संकल्प

टीएनएफ टुडे, करहल।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर करहल के बाईपास मार्ग स्थित समाजसेवी रविंद्र दुबे के आवास पर ब्राह्मण समाज सेवा समिति के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश दुबे ने ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों के साथ देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।



ध्वजारोहण के बाद अध्यक्ष सत्य प्रकाश दुबे ने कहा कि देश की उन्नति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। प्रत्येक बच्चे का शिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षित और जागरूक होगा, तभी देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सभी मिल-जुलकर आगे बढ़ें और समाज में आपसी सहयोग एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करें।

उन्होंने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में न आएं और आपस में परस्पर प्रेम तथा सद्भाव बनाए रखें। आपसी एकता और भाईचारे से ही देश एवं समाज की उन्नति संभव है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

समारोह के दौरान मौजूद लोगों ने देश की एकता-अखंडता बनाए रखने और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में श्रीदयाल त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, राजेश दुबे, पूर्व प्रधान कृष्ण गोपाल दुबे, सुरेंद्र दुबे, कूकी पांडेय, रविंद्र दुबे, गोविंद पांडेय, अर्चित दुबे, अन्नू दुबे, सुरेश चंद्र, ऋषी दुबे, जीतू, शिवम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तूफानी डाक कांवड़ यात्रा के लिए श्रद्धालु उत्साह के साथ हुए रवाना

टीएनएफ टुडे, करहल।

सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को क्षेत्र से कांवड़ यात्रियों का एक जत्था धार्मिक आस्था और जयकारों के बीच कांवड़ लेने के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रेम सिंह यादव, पूर्व बीडीसी ग्रीश बाबू यादव तथा ध्रुव यादव वंटी ने फीता काटकर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कांवड़ यात्रियों को पटका पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कांवड़ यात्रियों के रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दिया। सभी भक्त पूरे जोश और उमंग के साथ भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में शामिल श्रद्धालु तोरिका से सिंगिरामपुर होते हुए सरसई नावर तक पहुंचकर कांवड़ चढ़ाएंगे। यात्रा को लेकर भक्तों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ जबरदस्त उत्साह नजर आया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रेम सिंह यादव ने कहा कि सावन माह भगवान शिव की आराधना और भक्ति का पवित्र महीना है। कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सभी कांवड़ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्वक यात्रा पूरी करने की कामना की।

पूर्व बीडीसी ग्रीश बाबू यादव ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान शिव की भक्ति करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखना चाहिए और आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी भक्तों का उत्साहवर्धन करते हुए मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# करहल में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, तिरंगे के रंग में रंगा नगर

टीएनएफ टुडे, करहल।

नगर क्षेत्र में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों के साथ-साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएं एवं तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया।



करहल के जैन इंटर कॉलेज में प्रबंधक धरणीधर जैन ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि देश की आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शहीदों के आदर्शों पर चलकर देश की एकता, अखंडता और विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंकज भारतीय, आलोक जैन, सुमेरु जैन, प्रधानाचार्य यदुविनारायण दुबे, उदयवीर सिंह यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आजाद हिंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रामकिशोर प्रेमी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के बलिदान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। इस दौरान सत्यभान दुबे, अखिलेश दुबे, बद्रीप्रसाद पाल, अवधेश मिश्रा, विजय सिंह, दिलशेर कुरील समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

नरसिंह यादव इंटर कॉलेज में समाजसेवी कृष्णकांत यादव एवं पूर्व प्रधानाचार्य नरेश चंद्र भटेले ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जितेंद्र यादव डिम्पल, मनीष त्रिपाठी, ब्रजकुमार यादव, राकेश यादव, ब्रह्मानंद यादव, एडवोकेट सत्य प्रकाश यादव, इंद्रपाल यादव, रामरतन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

एसके साइंटिफिक इंटर कॉलेज में इंजीनियर सुभाष यादव एवं प्रबंधक सुमन यादव, हर्ष यादव और खुशबू यादव ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान चंद्र प्रकाश यादव, ऋषी यादव, सुनील पांडेय, अशोक यादव, रजनीश यादव, विकास यादव, नीतिन यादव, सचिन यादव, चंदन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

वहीं संत विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को तिरंगे झंडों और देशभक्ति से जुड़ी सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. जे.पी. यादव ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद राष्ट्रगान एवं झंडा गीत प्रस्तुत किया गया। मां सरस्वती, महान महापुरुषों एवं अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर डॉ. जे.पी. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि आजादी हमें आसानी से नहीं मिली, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के संघर्ष एवं बलिदान से मिली है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आजादी की रक्षा के साथ देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

प्रबंधक सरिता सिंह ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेकर जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। समापन पर विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने भव्य तिरंगा रैली निकाली। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सुभाष चंद्र ने संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं की तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया।

# सहपऊ कोतवाली में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, तिरंगे को दी सलामी

टीएनएफ टुडे, हाथरस (सहपऊ)।

आजादी के 79 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ उत्साह, गर्व और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसी क्रम में जनपद हाथरस की कोतवाली सहपऊ परिसर में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी मयंक चौधरी ने किया। थाना प्रभारी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज तिरंगे को सलामी दी गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रगान के साथ देश के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्य का संकल्प लिया।

तिरंगे रंग में सजा कोतवाली परिसर

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कोतवाली परिसर को तिरंगे गुब्बारों, आकर्षक लाइटों और भव्य प्रवेश द्वार से सजाया गया था। परिसर में सुंदर रंगोली भी बनाई गई, जिसने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।



ध्वजारोहण के बाद थाना प्रभारी मयंक चौधरी एवं समस्त पुलिस बल ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

**थाना प्रभारी ने दिया देशसेवा का संदेश**

समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मयंक चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों से राष्ट्रध्वज के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा देश की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

इसके बाद राष्ट्रभक्ति गीतों के बीच वीर शहीदों को नमन किया गया और ह्लभारत माता की जयह्व के जयघोष से पूरा कोतवाली परिसर गूंज उठा।

समारोह में कोतवाली सहपऊ का समस्त पुलिस स्टाफ, उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी अनुशासित वेशभूषा में मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर देश की सुरक्षा, शांति, कानून-व्यवस्था और अखंडता की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# 15 अगस्त पर दिव्यांग विद्यालय में गूंजा देशभक्ति का जज्बा, धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस''

**हाथरस।** रावत शिक्षा समिति दिव्यांग नि:शुल्क आवासीय विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रांगण में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता दिवाकर रहीं। वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डौली माहौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में वासुदेव माहौर, राजेश उपाध्याय, सतीश उपाध्याय, दुष्यंत पचौरी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी स्वयंसेवक श्री रामहरी चाहर, दीपक शर्मा, दिनेश गांधी, , श्री जय किशन बीज भंडार वाले सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अतिथियों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद मां सरस्वती एवं देश के अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक डॉ. एम.एल. रावत तथा अर्चना शर्मा और राजमाला ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा एवं पीयूष रावत ने किया।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष डॉ. एम.एल. रावत ने संस्था की गतिविधियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों के जीवन एवं बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डौली माहौर एवं वासुदेव माहौर ने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से रावत शिक्षा समिति से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों की सेवा के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और वे आगे भी संस्था से तन-मन-धन से जुड़े रहेंगे।

मुख्य अतिथि श्वेता दिवाकर ने कहा कि उनका परिवार भी लंबे समय से रावत जी की संस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करते हैं। हमें अपने बच्चों को देश और अमर शहीदों के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी देनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने देश के वीरों के बलिदान को समझ सके।

# भाजपा कैम्प कार्यालय पर पहले दिन अनुजेश प्रताप यादव ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

टीएनएफ टुडे, करहल।

कंचनपुर स्थित भाजपा के कैम्प कार्यालय पर रविवार को भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनुजेश प्रताप यादव ने पहले दिन फरियादियों की समस्याएं सुनीं। रिमझिम बारिश के बीच बड़ी संख्या में फरियादी कैम्प कार्यालय पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं अनुजेश प्रताप यादव के सामने रखीं।

अनुजेश प्रताप यादव ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित लोगों से बातचीत की तथा समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका गुणवत्ता पूर्वक निदान कराना हम सभी का पहला कर्तव्य है। एक-एक फरियादी की समस्या का समाधान सुनिश्चित करना ही प्राथमिकता है।



उन्होंने कहा कि कैम्प कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र की जनता अपनी समस्याएं सीधे उनके सामने रख सकती है। प्रयास रहेगा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े और उनकी समस्याओं का नियमानुसार जल्द से जल्द समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का उद्देश्य जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करना है।

रिमझिम बारिश के बावजूद फरियादियों के पहुंचने पर अनुजेश प्रताप यादव ने सभी का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में वह लगातार उनके साथ खड़े रहेंगे। कैम्प कार्यालय पर पहुंचे लोगों ने भी अपनी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुने जाने पर संतोष जताया।

## दुमिला बॉर्डर पर पूजा हीरो शोरूम का भव्य शुभारंभ

# करहल-सैफई मार्ग पर समाजसेवी अभयराम यादव व सांसद धर्मेंद्र यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

टीएनएफ टुडे, करहल।

करहल और सैफई के बीच दुमिला बॉर्डर पर पूजा हीरो शोरूम का भव्य शुभारंभ समाजसेवी अभयराम यादव एवं आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने फीता काटकर किया। शोरूम के शुभारंभ अवसर पर आयोजक रवी यादव ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र आदि से जोरदार स्वागत-सत्कार किया। शुभारंभ के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पूजा हीरो शोरूम को ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। आयोजक रवी यादव ने बताया कि शोरूम प्रत्येक दिन खुलेगा, जिससे ग्राहकों को मोटरसाइकिल खरीदने के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वाहनों की सर्विस के लिए भी ग्राहकों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। शोरूम के साथ वर्कशॉप की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी और शोरूम तथा वर्कशॉप प्रत्येक दिन खुले रहेंगे।

शुभारंभ अवसर पर सांसद धर्मेंद्र यादव ने प्रतिष्ठान के स्वामी रवी यादव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नस-नस में भेदभाव है। इटावा की सदर विधायक की बातचीत का लहजा यह बताता है कि भाजपा के संस्कार किस तरह के हैं।

धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी नई रणनीति और पीडीए की रणनीति के साथ तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री के प्रति लोगों का विश्वास कम हुआ है। बेरोजगारी बढ़ रही है, पेपर लीक की घटनाओं से नौजवानों में निराशा है और युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। उन्होंने राम मंदिर को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि वहां से चढ़ावा तक सुरक्षित नहीं रह पा रहा है और डकैती जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि देश को मिली आजादी बड़े-बुजुर्गों और पूर्वजों की कुर्बानियों का परिणाम है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों और नौजवानों की उम्मीदों पर कैसे खरा उतरा जाए तथा देश को आगे बढ़ाने में अपनी जिम्मेदारी कैसे निभाई जाए।

कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष बब्लू शाक्य, अनिल प्रताप यादव जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रभारी कन्नौज, रामवीर सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव, प्रधानाचार्य शिवकुमार यादव, नवनीत यादव, राकेश यादव, गोविंद पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में शान से लहराया तिरंगा

## जिलाधिकारी अतुल वत्स ने ध्वजारोहण कर जनपदवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

टीएनएफ टुडे, हाथरस।

80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया और जिलाधिकारी सहित उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का गायन किया।

इस अवसर पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत ह्लशहीदों के वतन पर जाँ लुटाकर हम भी देखेंगेह्व तथा ह्लये वक्त न ठहरा है, ये वक्त न ठहरेगाह्व गीतों पर मनमोहक एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। छात्राओं की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। जिलाधिकारी ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए जीजीआईसी की अध्यापिका एवं प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने वीर शहीद सिपाही गजपाल सिंह, 17 जाट रेजीमेन्ट पत्नी श्रीमती सुनीता देवी, शहीद सिपाही हम्वीर सिंह, 5 जाट रेजीमेन्ट की पत्नी श्रीमती नरसो देवी, शहीद राफलमैन केदार सिंह, 43 आर0आर0 बटालियन की पत्नी श्रीमती रेनू देवी, ग्रेनेडियर संदीप सिंह, 3 ग्रेनेडियर रेजीमेन्ट की पत्नी श्रीमती सीमा रानी, शहीद नायब सूबेदार हरवीर सिंह, सेना मेडल 23 पैरा रेजीमेन्ट की पत्नी श्रीमती पवन देवी, शहीद नायक सूरजपाल, 252 पैरा रेजीमेन्ट की पत्नी श्रीमती ज्योति शर्मा, शहीद सिपाही सुभाष कुमार, 7 जाट रेजीमेन्ट की पत्नी श्रीमती कान्ति, सिपाही हसन अली खाँ 22ग्रेनेडियर रेजीमेन्ट की पत्नी रीमा बेगम, नायक संजीव कुमार, 17 जाट रेजीमेन्ट की पत्नी श्रीमती ललिता देवी, लांस नायक चंद्रवीर सिंह 19 महार रेजीमेंट की पत्नी श्रीमती अनीता देवी को शॉल उड़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाने के साथ ही उपहार देकर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने शहीद परिवारों के त्याग एवं बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनके परिवारों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है।

धर्मगुरूओं डा0 गणेश वशिष्ठ, ज्ञानी हरपाल सिंह, ब्रम्हकुमारी भावना बहन जी को शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट में तैनात आदेश वाहक शिव कुमार शर्मा एवं सफाई कर्मचारी विनोद कुमार को अपने दायित्वों का उत्कृष्ट एवं समर्पित भाव से निर्वहन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी अतुल वत्स ने जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यहां आयोजित कार्यक्रम को देखकर यह महसूस होता है कि हम निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। प्रगति के दो रूप होते हैं एक जिसे हम महसूस करते हैं और दूसरा जिसे हम देख भी सकते हैं और महसूस भी कर सकते हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किए गए विशाल राष्ट्रीय ध्वज की सराहना करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट में स्थापित यह विशाल तिरंगा हमारी प्रगति और उपलब्धियों का प्रतीक है। जिस सोच के साथ इस पहल को साकार किया गया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि किसी भी उपलब्धि के पीछे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरी टीम का योगदान होता है। इसलिए पर्दे के पीछे और सामने रहकर कार्य करने वाली पूरी टीम बधाई की पात्र है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट अर्चन शर्मा ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत ह्लऐ मेरे वतन के लोगों, जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने ह्लसंदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं, कि घर कब आओगेह्व की भावपूर्ण प्रस्तुतियों की भी प्रशंसा कर बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के समय देश की प्रशासनिक एवं शासन व्यवस्था वर्तमान समय से काफी अलग थी। समय के साथ हम डिजिटल और आधुनिक होते जा रहे हैं तथा शासन-प्रशासन के तौर-तरीके भी

# जिले भर में शान से किया गया ध्वजारोहण, गाए देश भक्ति के तराने

## शहर से कस्बा और गांव तक गूंजे देश भक्ति के गीत, आजादी के शहीदों को किया गया याद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- निकली गई प्रभात फेरी और पथ संचलन, हुए राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम

देश आजादी की अस्सी वीं वर्षगांठ जोश-ओ-खरोश के साथ मनाई गई। जिले राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम हुए, सरकारी भवनों येस्कूल कालेजों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्र की समर्पित देश भक्ति के कार्यक्रम हुए। सुवह येसे ही देश भक्ति के तराने की गूंज सुनाई देने लगी, चारों दिशाओं से भारत माता की जय, देश के अमर शहीद अमर रहे के स्वर गूंजते रहे। शहर कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक फखवाड़े से ही तैयारियां की जा रही थी। शनिवार की पौ फटते ही कानों में देश भक्ति के तराने गूंजने लगे। शहर की सड़कों पर दौड़ते वाहनों पर भी देश की शान तिरंगा लगा दिखा। भी सड़कों पर स्कूल जाते विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतीकों से सजे थे। सुबह जिला न्यायालय में जिला जज ने ध्वजा रोहण किया वहीं जिला अधिकारी कार्यालय पर डीएम प्रणय सिंह ने ध्वज फहराया है। राष्ट्र गान गया गया कर्मचारियों और अधिकारियों ने ध्वज को सलामी दी। कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी हुई। देश के अमर शहीदों और महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने पालिका भवन पर ध्वजा रोहण किया गया। तहसील परिसर में एसडीएम संजीव कुमार ने ध्वजा रोहण किया सीएमओ कार्यालय पर सीएमओ एवं जिले अस्पताल पे सीएमएस संजीव कुमार ने ध्वजा रोहण किया। अन्य सरकारी भवनों पर संबंधित विभाग अध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जिला पंचायत कार्यालय पर पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने ध्वजा रोहण किया। गोष्ठी में आजादी के शहीदों की याद किया गया।

सुबह जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रभात फेरी निकाली गई। बाराद्वारी पर जिला अध्यक्ष मनोज पांडे के एक नेतृत्व में ध्वजा रोहण किया गया। डीडू माहेश्वरी युवक मंडल के तत्वाधान में संचालित विद्यालयों का सामूहिक कार्यक्रम श्री मति गंगा देवी माहेश्वरी भवन में हुआ। ध्वजा रोहण मुख्य अतिथि ललित नारायण बिड़ला ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील



कावरा, मंत्री नितिन महेश्वरी, प्रबंधक उपेंद्र बढ़ियादा सहित समाज बंधु मौजूद रहे । समंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि अरुण कुमार काबरा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, दामोदर दास गुप्ता, डीएस पाल, रवि प्रकाश दारगढ़ सहित विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे। लायंस क्लब कासगंज डायमंड द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों के पाठ्य सामग्री वितरित की गई। राजकुमार जाखेतिया, अनिल जैन, मनोज जाखेटिया, सौरभ माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे। शहर के सेंट्स जोजफ स्कूल में फादर द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया गया। किड्स प्ले स्कूल में नन्हे बच्चों ने देश भक्ति और राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शहर में बैंक भवनों पर भी प्रबंधकों द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया गया , ध्वज को सलामी दी गई। राष्ट्र ध्वज गया गया। कोठीवाल आदतिया महाविद्याल में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं विचार गोष्ठी हुई। शिक्षकों में महा पुरुषों के चित्र पर पुष्प चढ़ाए। शारदा देवी जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय ने पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने ध्वजा रोहण किया, छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राजेंद्र बोहरे, रानू शर्मा, भावना टिवल, अचला वर्मा, दीपा यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कुमारी रीनू एवं ज्योति जेयस्वाल ने सयुंक्त रुप से किया। लायंस क्लब एवं मानव अधिकार एसोशिएसन द्वारा संयुक्त कार्यक्रम होटल पीआर मोटल पर किया ध्वजा रोहण के साथ आजादी के अमर शहीदों को याद कर उनके बलिदान को नमन किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, आजादी के अमर शहीदों को याद किया। कार्यकताओं ने भारत माता की जय जयकार की। शरद गुप्ता, शरद माहेश्वरी राजीव माहेश्वरी शिव कुमार भरद्वाज, डॉ मनोज शर्मा, राजवीर भल्ला, अनुरोध प्रताप सिंह, रामनिवास राजपूत, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकाश बैंक पर अध्यक्ष महेंद्र सिंह बघेल ने ध्वजा रोहण किया डॉ वीडी राणा, मौजूद रहे। लायंस क्लब एलायंस इंटर नेशनल द्वारा सोरों रोड स्थित हरचरण लाल विमला देवी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर पौधा रोपण किया बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

चंद्रेश माहेश्वरी अनुपम बिडला, अनिल अग्रवाल मौजूद रहे। आजादी के पर्व पर हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में। जीआरपी थाने पर इंस्पेक्टर कोमल ने ध्वजा रोहण किया पुलिस कर्मियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत गाया।

# अवंतीबाई का त्याग और बलिदान राष्ट्रीय हित में था

- अवंती बाई ने अपनी प्राणों की आहुति देकर रचा इतिहास दिया
- अमापुर में मनाई गई अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई की जयंती

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अमापुर।

ब्लॉक के बढारी खुर्द गांव मेंवीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती का उद्घाटन अमापुर विधायक हरिओम वर्मा ने किया। आयोजकों द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

विधायक हरिओम वर्मा ने कहा अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई का त्याग और बलिदान किसी जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र हित में था। लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महासचिव विजय राजपूत ने कहा अवंती बाई ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया था अवंती बाई




का त्याग और बलिदान किसी जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र हित में था। सत्येंद्र कुमार उर्फ बंटू भइया ने कहा हमें अवंती बाई के बलिदान को जातीयता के दायरे में नहीं रखना चाहिए, हमें सर्वजातीयता को लेकर के कार्यक्रमों को आयोजित करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों मेंग्राम पंचायत बढारी खुर्द, विकास खंड अमांपुर से मेहताब सिंह प्रधान,सत्येन्द्र कुमार लोधी उर्फ बंटू भैया डॉ सोनू, नरेन्द्रकुमार, जीतू, प्रदीपसाहू,डेविड, हेम सिंह, रोहित, पंकज, विकास, सुनील, उदयवीर,राजवीर सिंह,सुशील कुमार,जयवीर सिंह, पूरन सिंह, विक्रम सिंह, भोला, शिव कुमार, गजराज सिंह,अमर सिंह,विष्णु, श्यामवीर,सोनी,अजय, केके, रविप्रकाश, योगेश,योगेन्द्र, नन्दन, राकेश,मनोज, विजयसिंह, हरिवदन आदि उपस्थित रहे।

# कानपुर में एसटीएफ ने असलहा सहित पकड़ा कासगंज का युवक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

कानपुर एसटीएफ ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक युवक की गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार पिस्टल एवं चार.32 बोर की मैगजीन बरामद हुई है। युवक कासगंज की तहसील पटियाली क्षेत्र का निवासी है।युवक मध्य प्रदेश से ट्रेन द्वारा यह अवैध हथियार तस्करी के लिए कानपुर लाया था। एसटीएफ की पूंछ ताछ में युवक ने अपना नाम ललित चौहान निवासी कोतवाली पटियाली जिला कासगंज बताया है। एसटीएफ ने आरोपित के विरूद्ध कानपुर छावनी थाने में अभियोग पंजीकृत कराया है।

**बीस से तीस हजार तक बिक जाता था असलाह**

पुलिस के मुताबिक, आरोपित मध्यप्रदेश के खरगौन जिले से अवैध असलहा खरीद कर लाता था और इन्हें बीस से तीस हजार तक की कीमत में खपा देता था। और युवक यह असलहे कानपुर बेचने के लिए लाया था। लेकिन उसे एसटीएफ ने दबोच लिया।

**कैसी थी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

आश्चर्य की बात तो यह है कि स्वतंत्रता दिवस में देश भर में सुरक्षा को लेकर के अलर्ट था, सार्वजिनक स्थलों पर दो दिनों पहले से चेकिंग हो रही थी, स्टेशन ओर बस स्टेशन भी इससे अछूते नहीं थे। एमपी से असलाह लेकर युवक ट्रेन से यात्रा करके हथियारों का बैग लेकर कानपुर छावनी तक पहुंच गयास। समय रहते एसटीएफ कानपुर को भनक लग गई और अवैध हथियार का तस्कर धर लिया गया।

> इस तरह से पटियाली के किसी युवक की गिरफ़्तारी की स्थानीय पुलिस को नहीं है।
>
> -अमित कुमार, सीओ पटियाली

# जिले में धूमधाम से मनाई गई अवन्तिबाई लोधी की 195वीं जयंती

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जनपद एटा में 1857 की प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी वीरांगना रानी अवन्तिबाई लोधी की 195वी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। प्रातःकाल से ही जिले की प्रबुद्धजन/समाजसेवी/लोधी समाज के संगठनों के पदाधिकारी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही वीरांगना रानी अवन्तिबाई लोधी की मूर्ति रेलवे पुल के नीचे अवंती बाई वन चेतना केन्द्र, पुराना चिड़ियाघर एटा में उनका माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा कर वीरांगना के जयकारों के साथ उनकी जयंती मनाई। युवा नेता लोधी राजेश राजपूत ने मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी से मूर्ति को सुरक्षित करने की पहल की। इस अवसर पर वीरांगना के जयकारों से माहौल गूंज उठा ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोधी महासभा जनपद एटा के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट टीम के साथ ही अखिल भारतीय लोधी महासभा, अखिल भारतीय लोधी राजपूत



कल्याण महासभा के सैकड़ों लोग वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए दोपहर तक लगातार आते रहे। दोपहर के बाद विकास पुस्तक भण्डार कासगंज रोड एटा पर सतीश अंजाना और सुरेश चंद्र वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में भी वीरांगना रानी अवन्तिबाई लोधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। और समाज के लोगों ने वीरांगना रानी अवन्तिबाई लोधी के संघर्ष मय जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, मारहरा विधायक प्रत्यासी हरेंद्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह लोधी, राजेश राजपूत, सतीश अंजाना, सुरेश चन्द्र वर्मा एडवोकेट,देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट, महेन्द्र पाल लोधी जिलाध्यक्ष ऑल इंडिया किसान यूनियन पब्लिक फ्रंट, सुनहरी लाल वर्मा पूर्व अनुदेशक, डॉ राजपाल सिंह,प्रदीप कुमार वर्मा, प्रमोद लोधी, रवेंद्र लोधी मेडिकल वाले, अमित राजपूत, ब्रजराज सिंह एडवोकेट,सुपनेस राजपूत, मोरन सिंह राजपूत, शिवस्वरूप उर्फ शिवा प्रधान, अवधेश कुमार ठेकेदार, जीवन सिंह राजकीय ठेकेदार वेदप्रकाश, छोटेलाल वर्मा प्रधान, करन , राजू, यश, राजकुमार, अमृता, आंशिका ऋतु आदि लोग कार्यकमों में शामिल हुए।

## ट्रेन की चपेट में आकर डेढ़ दर्जन बकरियों की मौत

**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** कासगंज फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर चिरोला में शुक्रवार शाम रेलवे पटरी के पास चारा चर रही करीब डेढ़ दर्जन बकरियां कासगंज से फर्रुखाबाद जा रही ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में सभी बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 6:15 बजे गांव चिरोला के पास कुछ पशुपालक रेलवे लाइन के समीप अपनी बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान रेल लाइन से ट्रेन संख्या 55344 वहां गुजरी। तो चारा चर रही बकरिया जो कि पटरी के बीच थीं पटरी से हट नहीं सकीं और उसकी चपेट में आ गईं। डेढ़ दर्ज बकरी कट कर में गई। हादसे में गुल हसन पुत्र जरूर हसन की सात बकरियां, नगीना पत्नी रहमत शाह की सात बकरियां और मुहर्रम पुत्र अली खान की एक बकरी समेत एक अन्य पशुपालक की तीन बकरियों की मौत हो गई। पीड़ित पशुपालकों ने बताया कि बकरी पालन ही उनके परिवारों की आय का प्रमुख साधन है। मेहनत से पाली गई बकरियों के अचानक मर जाने से उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से घटना का संज्ञान लेते हुए पीड़ित पशुपालकों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि उनके परिवारों की आजीविका पर आए संकट को कुछ हद तक कम किया जा सके।

# परंपरागत तरीके से मनाया गया हरियाली तीज पर्व

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- महिलाओं ने की माता गौरी की पूजा-अर्चना,
- वायना मनंस कर बुजुर्गों को दिया आशीर्वाद

सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर सुहागिन महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का पर्व बड़ी श्रद्धा और परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और घरों में महिलाओं ने एकत्र होकर माता गौरी और भगवान शिव की पूजा अर्चना की और अखंड सुहाग की कामना की।

सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। सोलह श्रृंगार कर, हाथों में मेहंदी रचाकर महिलाओं ने व्रत रखा। पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन माता पार्वती ने कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। इसलिए यह पर्व शिव-पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। महिलाओं ने माता गौरी को श्रृंगार का सामान, चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर अर्पित किया और तीज की कथा सुनी। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि आती है और पति की लंबी आयु होती है। कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं।

**वायना की परंपरा रही खास**

पूजा के बाद महिलाओं ने परंपरा के अनुसार वायना निकाला। वायना में नए वस्त्र, मिठाई, घेवर, फल और श्रृंगार सामग्री सजाकर घर की बुजुर्ग महिला - सास, जेठानी या बड़ी ननद को दिया और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बुजुर्ग महिलाओं ने भी छोटी महिलाओं को सुहाग वती रहने का आशीर्वाद और उपहार दिए।

**यह भी है पर्व की विशेषता।**

इस पर्व का एक और विशेष महत्व है कि सावन में चारों ओर हरियाली छाई रहती है। इसीलिए इसे हरियाली तीज कहा जाता है। इस दिन झूला झूलने की भी परंपरा है। महिलाओं ने समूह में एकत्र होकर सावन के लोकगीत गाए और झूला झूला।

**नहीं लगा परंपरागत मेला, बच्चे हुए मायूस**

बीते लगभग चाय वर्षों से सोरों गेट पर लगने बाला परंपरागत हरयाली तीज मेला अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया है। दशकों पुरानी यह परम्परा अब खत्म होती दिखाई दे रही है इस वर्ष भी हरियाली तीज मेला नहीं लगा जिससे बच्चों ने मायूसी दिखाई दी।

# आंतरिक स्वतंत्रता और ब्रह्मज्ञान के संदेश संग मुक्ति पर्व का भव्य आयोजन

## मन के बंधनों से आजादी ही वास्तविक मुक्ति

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

संपूर्ण भारतवर्ष जहाँ स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति, गौरव और उल्लास के साथ मना रहा था, वहीं संत निरंकारी मिशन की ब्रांच एटा ने इस ऐतिहासिक अवसर पर निधोली रोड स्थित अविनाशी सहाय आर्य विद्यालय में मुक्ति पर्व पर उन महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए, जिनके तप त्याग एवं समर्पण ने निरंकारी मिशन एवं मानवता को मुक्तिमार्ग की ओर अग्रसर किया। मुक्ति पर्व के अवसर पर विशेष सत्संग का आयोजन कर जगत माता बुद्धवंती जी, सद्गुरु माता सविंदर जी, बाबा अवतार सिंह जी, प्रधान लाभ सिंह जी, आदि अनेक महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

मुक्ति पर्व के अवसर पर आगरा से पधारें निरंकारी संत ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सन्देश को फरमाया कि सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि नफरत, अहंकार, छोटी सोच और पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में है। हर सांस



में निराकार का एहसास रखते हुए प्रेम, भक्ति और स्वीकार्यता से जीना ही जीते-जी मुक्ति है।

उन्होंने माता सविंदर जी के जीवन से प्रेरणा देते हुए लाइट हाउस का उदाहरण दिया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, भीतर की शांति, प्रेम और सकारात्मकता की रोशनी सदैव कायम रखें। संतों की शिक्षाओं को केवल सुनना नहीं, बल्कि विचार, कर्म और जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना और मुक्ति का मार्ग है।

उल्लेखनीय है कि मुक्ति पर्व का आरम्भ वर्ष 1964 में जगत माता बुद्धवंती जी की पावन स्मृति में हुआ। वर्ष 1969 में शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी के ब्रह्मलीन होने के उपरांत यह दिवस शहनशाह-जगतमातीी दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाने लगा। वर्ष 1979 में संत निरंकारी मंडल के प्रथम प्रधान संत२ लाभ सिंह जी की स्मृति को भी इस दिवस से जोड़ते हुए बाबा गुरबचन सिंह जी ने इसे मुक्ति पर्व के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर निरंकारी राजमाता जी के भक्तिमय जीवन तथा उनके द्वारा दी गई अनमोल सिखलाईयों का भी जिक्र किया।

वर्ष 2018 से युगनिमार्ता माता सविंदर जी को भी इस पावन अवसर पर श्रद्धापूर्वक नमन किया जाता है, जिनका वात्सल्य, विनम्रता, त्याग और निष्काम सेवा से परिपूर्ण जीवन सदैव श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रेरणा, मार्गदर्शन और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बना रहेगा। साथ ही, सतगुरु माता जी ने इस पावन दिवस को उन सभी अनन्य भक्तों एवं समर्पित सेवादारों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा अर्पित करने का अवसर बनाया, जिन्होंने अपने तन, मन और जीवन को निःस्वार्थ भाव से मिशन एवं मानवता की सेवा में समर्पित किया।

## कहीं बाढ़ से आजादी की पुकार, कहीं पूर्व सैनिको को सलाम

**टीएनएफ टुडे, पटियाली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटियाली क्षेत्र में देशभक्ति के साथ जनसरोकारों की तस्वीर भी देखने को मिली। बाढ़ग्रस्त ग्राम मूंजखेड़ा में जहां विषम परिस्थितियों के बीच बच्चों और ग्रामीणों ने तिरंगा फहराकर आजादी का पर्व उत्साह से मनाया, वहीं गंजडुंडवारा नगर पालिका में पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर उनके त्याग और देशसेवा को नमन किया गया। दोनों आयोजनों में राष्ट्रप्रेम के साथ समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया। मूंजखेड़ा में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। बच्चों और ग्रामीणों में तिरंगे को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के बाद मिष्ठान का वितरण भी किया गया। हालांकि, आजादी के जश्न के बीच ग्रामीणों का बाढ़ का दर्द भी सामने आया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से क्षेत्र में पक्के बांध का निर्माण जल्द कराने की मांग की। उनका कहना है कि हर वर्ष बाढ़ से गांवों की खेती, आवागमन और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। पक्का बांध बनने से क्षेत्र को इस समस्या से स्थायी राहत मिल सकती है।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शाहरुख राज, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सूर्यवंशी, उर्वेश यादव, प्रदीप यादव, आशीष यादव, अभिषेक, अरमान सिंह, अशोक, केपी सिंह, रमनेश, ओसान सिंह, रवि, जयवीर, रुकूम सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं गंजडुंडवारा नगर पालिका परिषद में आयोजित समारोह में एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी मोहम्मद नासिर ने भूतपूर्व सैनिकों को फूल-मालाएं, स्मृति चिह्न और पौधे भेंट कर सम्मानित किया। सैनिकों के सम्मान के साथ पौधे भेंट करने की पहल ने समारोह को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मुनव्वर हुसैन, सभासद, पालिका कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## रानी अवंतीबाई की 195 वीं जयंती मनाई

**अलीगढ़।** गांधी पार्क और सासनी गेट अवंतिका बाई होल्कर चौराहे सासनी गेट पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की नायिका रानी अवंतीबाई लोधी की 195 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रानी अवंतीबाई का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के मनकेहणी गांव में जमींदार राव जुझार सिंह के घर हुआ था। बचपन से ही वे घुड़सवारी, तलवारबाजी और युद्ध कला में निपुण थीं। उनका विवाह 1849 में रामगढ़ (वर्तमान डिंडोरी जिला, मध्य प्रदेश) के राजा लक्ष्मण सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह से हुआ। उनके दो पुत्र अमान सिंह और नब्बे सिंह थे। राजा विक्रमादित्य के अस्वस्थ होने पर रानी ने रियासत का कार्यभार संभाला। स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों एवं अमर बलिदानियों को समर्पित कार्यक्रम में कोल विधायक अनिल पाराशर, सांसद प्रतिनिधि उमेश उपाध्याय, भाजपा ब्रजक्षेत्र महामंत्री हेमंत राजपूत, रीता राजपूत, हिम्मत सिंह लोधी, योगेश राजपूत नीटू राजपूत सहित अनेक पदाधिकारियों एवं समाज के हजारों लोगों ने सहभागिता कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को नमन किया।

## लापरवाही पर सहावर के इंस्पेक्टर किए गए लाइन हाजिर

**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर एसपी ने सहावर कोतवाली के इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ को लाइन हाजिर किया है। सहावर कस्बा के मोहल्ला कुरैशयान में बीती 12अगस्त को मारपीट हुई थी इस दौरान फायरिंग भी हुई, मामले में समय रहते उचित कार्यवाही नहीं की गई कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही में लारवाही बरती, समाचार पत्रों और वायरल हुई विडियो को संज्ञान लेते हुए एसपी ने मामले की जांच सहावर के सीओ को सौंपी। सीओ की जांच आख्या के आधार पर एसपी ओ पी सिंह ने घटना को हल्के से लेने और आरोपितों के विरुद्ध समय से विधिक कार्यवाही न करना का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया है। एसपी ने लाइन हजार किए गए सहावर के इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ को लाइन ने आमद करने के निर्देश दिए हैं।

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ, मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अलीगढ़ में देश का 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद की जनता से आह्वान किया कि श्खोखले भाषणों से नहीं, एकता से समृद्ध भारत बनेगा।श उन्होंने कहा कि सभी मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपनी-अपनी जिम्मेदार भूमिका अदा करें। प्रशासनिक संदेश का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि स्वतंत्रता केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि नागरिकों का अपने देश के प्रति कर्तव्य और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। समाज के प्रत्येक वर्ग के एकता के सूत्र में बंधकर कार्य करने पर ही राष्ट्र वास्तविक प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने विकास भवन प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वाजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलाम किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए आर0के0 कुरील समेत विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर परएसएसपी नीरज जादौन ने कैंप कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान पुलिस बल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा,अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रत्येक सदस्य राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को भावपूर्ण नमन किया गया। उनके महान त्याग और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। यह संकल्प देश के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) का परिसर 15 अगस्त की शाम स्वतंत्रता दिवस के जश्न में डूबा नजर आया। विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक इमारतें तिरंगे और आकर्षक रोशनी से जगमगा उठीं।एएमयू के जनसंपर्क कार्यालय की प्रभारी सदस्य (एमआईसी) प्रो. विभा शर्मा ने विश्वविद्यालय के माहौल पर बातचीत करते हुए कहा कि आज यूनिवर्सिटी का हर कोना खूबसूरत नजर अ कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने ध्वजारोहण कर देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के विकास पर जोर दिया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों और सरदार वल्लभभाई पटेल के अखंड भारत और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचारों को याद किया। कुलपति ने कहा कि भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना ही हमारी सच्ची राष्ट्रीय पहचान है। सरदार पटेल ने अलग-अलग रियासतों को एकजुट कर मजबूत राष्ट्र की नींव रखी थी। रहा है। उन्होंने बताया कि पूरा कैंपस आजादी के जोश और जुनून में डूबा हुआ है। यह उत्साह केवल इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के दिलों में भी स्वतंत्रता दिवस की उमंग साफ दिखाई दे दी। जिला कारागार में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक मानवीय पहल के तहत चार बंदियों को रिहा किया गया। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से उनका अर्थदंड जमा कराया गया, जिससे उन्हें नई जिंदगी की शुरूआत का अवसर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने कारागार के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान महानिदेशक कारागार एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह और प्रधान सहायक प्रदीप चतुर्वेदी को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान किए गए। रजत पदक प्राप्त जेल वार्डर कुलदीप सिंह चौहान और राहुल मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद जेल अधीक्षक ने जेलर विकास कटियार के साथ कारागार परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बंदी प्रतिनिधियों और समस्त कारागार स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बंदियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी बंदियों को फल और लड्डू वितरित किए गए। स्वतंत्रता दिवस पर चार बंदियों की रिहाई ने इस समारोह को विशेष बना दिया।

स्वंतत्रता दिवस के मौके पर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने लगभग 100 फुट ऊंचाई पर लहराता यह तिरंगा अलीगढ़ वासियों के लिए राष्ट्रप्रेम और गौरव का स्थायी प्रतीक बनेगा।

महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता त्याग, बलिदान, एकता और अखंडता का प्रतीक है। ऊपरकोट जैसे ऐतिहासिक और प्रमुख स्थान पर लगभग 100 फुट ऊंचे तिरंगे की स्थापना अलीगढ़ के लिए गौरव का विषय है हमारा प्रयास है कि शहर में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस तिरंगे को देखकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करे।

15 अगस्त 2026 को बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज अलीगढ़ में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# बारिश से प्रभावित दिन में भारत के सात विकेट गिरे, पडिक्कल दोहरे शतक से चूके; जुरेल का पचासा

एजेंसी, गॉल।

देवदत्त पडिक्कल के शानदार 167 रन और ध्रुव जुरेल के महत्वपूर्ण अर्धशतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 460 रन बना लिए। बारिश से प्रभावित दिन में भारत ने सात विकेट गंवाए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई। स्टंप्स के समय कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। खराब मौसम और गीले मैदान के कारण दूसरे दिन का खेल करीब दो घंटे 35 मिनट की देरी से शुरू हुआ।





### श्रीलंकाई गेंदबाजों ने की बेहतर वापसी

भारत ने दिन की शुरूआत दो विकेट पर 288 रन से की थी और उसके पास बड़ी बढ़त की नींव रखने का शानदार मौका था। हालांकि, श्रीलंकाई गेंदबाजों ने पहले दिन की तुलना में बेहतर लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने के मौके नहीं दिए। भारत ने दिनभर में 172 रन जोड़कर सात विकेट गंवाए। इनमें कुछ विकेट श्रीलंकाई स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी का नतीजा रहे, जबकि कुछ मौकों पर भारतीय बल्लेबाजों ने खुद गलतियां कीं।

### दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, 167 रन बनाकर आउट

पडिक्कल ने 131 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला 150 रन का आंकड़ा पार किया। उन्होंने 215 गेंदों में तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो की गेंद पर पुल शॉट के जरिए चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। पडिक्कल ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया। हालांकि, चाय से ठीक पहले वह 167 रन के स्कोर पर आउट हो गए। प्रभात जयसूर्या की फ्लाइटेड गेंद पर वह चकमा खा गए और विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने स्टंपिंग पूरी की। उनकी इस पारी ने नंबर तीन के स्थान पर भारत को एक और विकल्प दिया है। नियमित बल्लेबाज साई सुदर्शन के पैर की चोट से वापसी के बाद भी पडिक्कल ने इस स्थान के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया है।

### पंत और राहुल जल्दी लौटे

भारत को दिन की शुरूआत में ऋषभ पंत के रूप में बड़ा झटका लगा। पंत 39 रन बनाकर केशरा नुवांथा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। सोनल दिनूषा ने दौड़ते हुए उनका कैच लपका। इसके बाद पिछले दिन 77 रन पर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिटायर हुए केएल राहुल दोबारा बल्लेबाजी करने उतरे। हालांकि वह केवल चार रन और जोड़ सके। नुवांथा की घूमती और उछाल लेती गेंद पर राहुल शॉर्ट लेग पर निशान मधुष्का को आसान कैच दे बैठे। इन दो विकेटों ने श्रीलंकाई गेंदबाजों में नया जोश भर दिया।

### जुरेल ने संभाली पारी

चाय के समय भारत का स्कोर पांच विकेट पर 364 रन था। इसके बाद रवींद्र जडेजा नुवांथा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर 377 के स्कोर पर छठे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने जिम्मेदारी संभाली। वह पिछले कुछ समय से रनों के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। 29 रन के स्कोर पर जयसूर्या की गेंद पर उनका एज स्लिप में श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा के हाथों से छूट गया। इस जीवनदान का जुरेल ने पूरा फायदा उठाया और आठ पारियों के बाद अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने नुवांथा को मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया और लाहिरू कुमारा की गेंद पर चौका भी जड़ा। जुरेल ने मानव सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 55 रन जोड़े। हालांकि, वह अपने अर्धशतक को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और जयसूर्या की गेंद पर डी सिल्वा ने स्लिप में शानदार कैच पकड़कर अपनी पिछली गलती की भरपाई की।

### निचले क्रम ने भी दिया अहम योगदान

जुरेल के आउट होने के बाद भी भारत के निचले क्रम ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को परेशान किया। मानव सुथार ने 24 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि मोहम्मद सिराज ने भी कुछ आक्रामक शॉट लगाए। भारतीय टीम प्रबंधन के लिए सुथार की पारी खास तौर पर सकारात्मक रही। कप्तान शुभमन गिल ने पहले ही निचले क्रम के बल्लेबाजों से योगदान की जरूरत पर जोर दिया था, खासकर वॉशिंगटन सुंदर जैसे चोटिल ऑलराउंडरों की गैरमौजूदगी में। श्रीलंका की ओर से स्पिनरों ने दिन में बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा और असिता फर्नांडो प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। दोनों गेंदबाज न तो नियमित अंतराल पर विकेट ले सके और न ही रन गति पर पर्याप्त अंकुश लगा पाए।

# बांग्लादेश की ऐतिहासिक जीत

## ऑस्ट्रेलिया में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट में हराया



एजेंसी, डार्विन।

बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन नौ विकेट से हराया। बांग्लादेश की यह ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहली टेस्ट जीत है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी चौथे दिन 284 रन पर ऑलआउट हुई जिससे बांग्लादेश को जीत के लिए 57 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में कैमरन ग्रीन ने शतक लगाया और टीम को मामूली बढ़त दिलाई। ग्रीन का साथ दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज नहीं दे सका। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाकर मैच अपने नाम किया और दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

कम लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को जोश हेजलवुड ने पहला झटका दिया। हेजलवुड ने तंजिद हसन तमीम को खाता खोले बिना आउट किया। इसके बाद शदमान इस्लाम और मोमिनुल हक ने बांग्लादेश को आसानी से जीत दिलाई। हक 30 और इस्लाम 25

### ग्रीन-स्टार्क की साझेदारी

बांग्लादेश ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया है और ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में ही झटका दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 198 रन बनाए, जबकि बांग्लादेश की पहली पारी 426 रन पर ऑलआउट हुई। इस तरह बांग्लादेश ने 228 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही और टीम ने 207 रन के स्कोर पर ही सात विकेट गंवा दिए। इसके बाद ग्रीन ने स्टार्क के साथ मिलकर साझेदारी की और टीम को बढ़त दिलाने में सफल रहे। चौथे दिन लंच ब्रेक तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 243 रन बनाए। लंच ब्रेक के बाद हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को मिचेल स्टार्क के रूप में आठवां झटका लगा। ग्रीन और स्टार्क ने आठवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी की। तस्कीन अहमद ने स्टार्क को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। स्टार्क 18 रन बनाकर आउट हुए।

### मिराज की शानदार गेंदबाजी

तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट गंवाकर 161 रन बना लिए थे। चौथे दिन कैमरन ग्रीन ने 43 रन और एलेक्स कैरी ने 19 रन से पारी आगे बढ़ाई। कैरी को मेहदी हसन मिराज ने अपना शिकार बनाया जो 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिराज ने ऑस्ट्रेलिया को दो झटके और दिए। उन्होंने ब्यू वेबस्ट (5) और कप्तान पैट कमिंस (8) को अपना शिकार बनाकर ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा दी। इसके बाद ग्रीन और स्टार्क ने चौथे दिन के पहले सत्र में टीम को संभाला। यह साझेदारी टूटने के बाद ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी ऑलआउट होने में ज्यादा देर नहीं लगी।

### ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरूआत फिर खराब रही। जेक वेदराल्ड खाता खोले बिना आउट हुए। वहीं, ट्रेविस हेड 17 रन बना सके। इन दोनों को फिर से हसन महमूद ने आउट किया। मार्नस लाबुशेन 31 रन और स्टीव स्मिथ 44 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लाबुशेन को तैजुल इस्लाम ने और स्मिथ को मिराज ने पवेलियन भेजा। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में ग्रीन ने दमदार प्रदर्शन किया और अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक लगाया। हालांकि, वह 104 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश की ओर से मिराज ने पांच विकेट लिए, जबकि हसन महमूद को तीन और तस्कीन अहमद तथा तैजुल इस्लाम को एक-एक विकेट मिला।

# मनोरंजन

# संदीपा धर ने श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर की 250 सीढ़ियां चढ़कर लिया आशीर्वाद



अभिनेत्री संदीपा धर ने हाल ही में अपनी कश्मीर यात्रा की शुरूआत आध्यात्मिक अंदाज में की। श्रीनगर पहुंचने के बाद वह सबसे पहले प्रसिद्ध शंकराचार्य मंदिर पहुंचीं और वहां भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस सिलसिले में संदीपा ने सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा की कुछ झलकियां भी साझा की हैं।

गौरतलब है कि शंकराचार्य पहाड़ी की चोटी पर स्थित इस प्राचीन मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 250 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। इस चढ़ाई के अपने अनुभव के बारे में उन्होंने लिखा है कि पहाड़ की पतली हवा और खड़ी चढ़ाई के कारण रास्ता काफी चुनौतीपूर्ण था। ऐसे में बीच-बीच में उनके पैर भी कांप रहे थे, लेकिन ऊपर पहुंचने के बाद उन्हें लगा कि हर कदम पूरी तरह सार्थक था।

पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर में पहुंचकर संदीपा ने पवित्र शिवलिंग के दर्शन किए और कुछ समय वहां के आध्यात्मिक वातावरण में बिताया। उन्होंने यह भी महसूस किया कि जिस स्थान पर आदि शंकराचार्य के ध्यान करने की मान्यता है, वहां खड़े होकर एक ऐसी अनोखी ऊर्जा का अनुभव होता है, जिसे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है।

संदीपा ने मंदिर से जुड़े कई ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए उन्होंने यह भी लिखा हैं कि शंकराचार्य मंदिर कश्मीर घाटी से करीब 1,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से श्रीनगर शहर तथा प्रसिद्ध डल झील का शानदार नजारा दिखाई देता है। माना जाता है कि यह मंदिर करीब 200 ईसा पूर्व का है और कश्मीर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है। इसका नाम आदि शंकराचार्य से जुड़ा हुआ है, जिनके यहां ध्यान करने की मान्यता है। हालांकि कुछ इतिहासकारों का यह भी मानना है कि यह जगह मूल रूप से बौद्ध उपासना स्थल रहा होगा, जिसे बाद में हिंदू मंदिर के रूप में विकसित किया गया।

पहली बार इस मंदिर में आईं संदीपा धर के लिए यह यात्रा बेहद खास थी, जिसे उन्होंने सौभाग्यशाली अनुभव भी बताया। अपनी पोस्ट के अंत में उन्होंने 'ॐ नमः शिवाय' लिखा है। अभिनेत्री फिलहाल कश्मीर की खूबसूरत वादियों में समय बिता रही हैं और उनके पोस्ट से साफ है कि घाटी में उनका सफर अभी लंबा चलने वाला है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो संदीपा धर जल्द ही नेटफ्लिक्स की आगामी ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आनेवाली है। फिल्मों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकीं संदीपा के इस नए प्रोजेक्ट का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

# सेलेना गोमेज पर निवेशकों ने किया केस, मेंटल हेल्थ स्टार्टअप को लेकर लगे गंभीर आरोप

हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज के मेंटल हेल्थ स्टार्टअप वंडरमाइंड ग्लोबल में निवेश करने वाले कुछ लोगों ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया है। जानिए क्यों एक्ट्रेस पर लगे हैं गंभीर आरोप।

### निवेशकों ने लगाया ये आरोप

निवेशकों का आरोप है कि सेलेना गोमेज ने कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए जो जिम्मेदारियां ली थीं, उन्हें पूरा नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों ने कंपनी में करीब 12 लाख डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) लगाए थे। अब उन्होंने अपना पैसा वापस दिलाने के साथ-साथ कानूनी खर्च की भरपाई की भी मांग की है।

### कंपनी को प्रमोट करने की थी जिम्मेदारी

- वंडरमाइंड ग्लोबल की शुरूआत साल 2021 में हुई थी।
- इसका मकसद लोगों को अपनी मानसिक सेहत और 'मेंटल फिटनेस' बेहतर करने में मदद करना था।
- मुकदमे में निवेशकों ने दावा किया है कि उन्हें बताया गया था कि सेलेना कंपनी के मार्केटिंग हेड के तौर पर इसके विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।
- उनका कहना है कि कंपनी के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार करने समेत कई काम किए जाने थे, लेकिन ये वादे पूरे नहीं हुए।
- निवेशकों का आरोप है कि सेलेना ने कंपनी के लिए काम करने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लेकिन बाद में अपनी जिम्मेदारियां पूरी नहीं कीं।

### कंपनी की हालत को लेकर भी सवाल

- मुकदमे में निवेशकों ने कंपनी के कामकाज पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं।
- उनका दावा है कि कंपनी अपनी कई बुनियादी जिम्मेदारियां भी ठीक से पूरी नहीं कर पा रही थी।
- इनमें कर्मचारियों और वेंडर्स को समय पर भुगतान करना भी शामिल था।
- निवेशकों का कहना है कि उन्हें कंपनी की खराब स्थिति के बारे में काफी बाद में पता चला।
- उनका दावा है कि सितंबर 2025 में एक ऑनलाइन खबर सामने आने के बाद उन्हें कंपनी की परेशानियों की जानकारी मिली।

### निवेशकों ने मांगा पैसा और कानूनी खर्च

निवेशकों ने अब अदालत से अपने लगाए हुए पैसे वापस दिलाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने मुकदमे से जुड़े कानूनी खर्च की भरपाई की भी मांग की है। फिलहाल सेलेना गोमेज की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में अब सबकी नजर इस बात पर है कि सेलेना और वंडरमाइंड ग्लोबल इन आरोपों पर क्या जवाब देते हैं।



# बॉस लेडी बनी नजर आईं मोनालिसा; स्टाइल के साथ दिखा फुल एटीट्यूड

भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने अपनी कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। वे बॉसी लेडी अवतार में नजर आ रही हैं। भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा अपने लुक और स्टाइल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरती हैं। अक्सर वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैंस के साथ अपनी स्टनिंग फोटोज साझा करती हैं। हालांकि, अधिकांश बार वे वेस्टर्न लुक में नजर आती हैं या ट्रेडिशनल ड्रेस में। एक बार फिर मोनालिसा अपने अंदाज को लेकर चर्चा में आई हैं।

### मोनालिसा का लुक और बॉस लेडी वाइब

मोनालिसा ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फोटोज शेयर किए हैं। वे व्हाइट शर्ट के साथ थ्री-पीस स्टाइल सूट में नजर आ रही हैं। काला चश्मा लगाए वे बॉस वाली वाइब दे रही हैं।

### बोलीं- 'एटीट्यूड में..'

तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने कैप्शन लिखा है, 'एटीट्यूड, हां...'! कैप्शन के मुताबिक ही तस्वीरों में मोनालिसा का एटीट्यूड भी झलक रहा है। हेयरस्टाइल को उन्होंने सादा रखा है। वे पोनी टेल बनाए नजर आई हैं।

### मोनालिसा का वर्क फ्रंट

मोनालिसा ने अपने इस पोस्ट के साथ अपनी मिनी टीवी सीरीज 'लव टू हेट यू चैप्टर 2' का जिक्र भी किया है। बता दें कि यह सीरीज 04 अगस्त से ऑलराइट टीवी एप पर स्ट्रीम हो रही है। इसके नए एपिसोड हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को प्रसारित होते हैं। मोनालिसा के अलावा सीरीज में नियति फतनानी, हर्ष राजपूत और अभिमन्यु तोमर भी अहम भूमिकाओं में हैं। मोनालिसा का यह लुक भी इसी सीरीज का हो सकता है।



# बारिश की बूंदें, मौसम की नमी से बचाएं पालतू डॉग को

## स्किन इन्फेक्शन, फंगल एलर्जी, टिक्स और पेट की बीमारियां होने का बढ़ जाता है खतरा

## लंबी सैर न कराएं, हर सैर के बाद उन्हें तौलिया से पोंछें, बासी खाना न दें

### आदर्श डॉक्टर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

बरसात के मौसम में पालतू डॉग की खास देखभाल करनी पड़ती है। नमी के कारण उन्हें स्किन इन्फेक्शन, फंगल एलर्जी, टिक्स और पेट की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। डॉग को हमेशा सूखा रखें। उबला या साफ पानी पीने को दें और सैर के बाद पंजे साफ करें।

पूर्व पशुधन प्रसार अधिकारी डा. सतीश शर्मा बताते हैं कि बारिश के दिनों में हवा में नमी अधिक होती है। मानसून के मौसम में नमी और उमस का स्तर बढ़ जाता है, जिससे कुत्तों में त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। अगर बारिश में डॉग भीग जाता है तो उसके बाल जल्दी नहीं सूखते हैं। इससे फंगल इन्फेक्शन हो सकता है।

अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये फंगल इन्फेक्शन डॉग के लिए बाद में बहुत घातक भी हो सकता है। नमी की वजह से शरीर में कीड़े (टिक्स) पनपते हैं, इसलिए रोज उनके बालों की जाँच करें। यही नमी कवक, खमीर और बैक्टीरिया के पनपने के लिए पर्याप्त होती है। इसका नतीजा यह होता है कि जुलाई से सितंबर के बीच पालतू जानवरों में खुजली और चकत्ते की दिक्कत बढ़ जाती है।



डॉक्टर सतीश शर्मा

डा. शर्मा के पश्चिमपुरी स्थित पशु सुरक्षा संस्थान पर ऐसी बीमारियों से पीड़ित डॉग उनके मालिकों द्वारा लाए जा रहे हैं। इनमें फंगल इन्फेक्शन पाया जा रहा है। उन्होंने सलाह दी है कि बरसात के मौसम में डॉग को लंबी सैर से बचाएं। रुटीन सैर से लौटने के बाद डॉग के पूरे शरीर, खासकर पंजों और पेट के नीचे के हिस्से को साफ तौलिए से अच्छी तरह सुखाएं। दूषित पानी या हानिकारक बैक्टीरिया के संपर्क में आने से दस्त, उल्टी और भूख न लगना जैसे लक्षण हो सकते हैं। मानसून के दौरान त्वचा संबंधी समस्याओं से बचने के लिए नियमित रूप से ग्रूमिंग करना बेहद जरूरी है। अपने कुत्ते के फर को ब्रश करें ताकि गंदगी निकल जाए और बाल उलझने से बचें। इससे प्राकृतिक तेल भी पूरे फर में फैलते हैं और त्वचा स्वस्थ रहती है। पेट की समस्याओं से बचाने के लिए आहार और पानी पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। गंदे या ठहरे हुए पानी के कारण पेट खराब हो सकता है, इसलिए हमेशा उबला या साफ पानी ही पीने को दें। खुला या बासी खाना न दें। डॉग को घर पर भी सूखे स्थान पर रखें। नमी से दूर रखें। डा. शर्मा ने बताया कि मौसम के बदलाव में पेट के कीड़ों की दवा (डिवॉर्मिंग) समय पर करवाएं।

डा. शर्मा ने बताया कि पालतू डॉग को स्ट्रीट डॉग्स से दूर ही रखें। उनके संपर्क में आने पर आपके पालतू डॉग को इस मौसम में बीमारियां घेर सकती हैं। जानवरों खासकर डॉग्स में अभी मेटिंग सीजन चल रहा है। हार्मोन में बदलाव होता है। ऐसे में हो सकता है कि आपका डॉग भरपेट खाना नहीं खा रहा हो।ऐसे में परेशान होने की जरूरत नहीं है।